DELHI CRIME 27 may 2022:Layout 1 5/26/2022 7:16 PM Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | शुक्रवार 27 मई 2022 | पीडीएफ अंक-37 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

**मौसम**

अधिकतम –40 सूर्योदय – 5 : 25
न्यूनतम – 29 सूर्यास्त – 7 : 11

**सोना चांदी**

सोना – 52520.00 प्रति 10 ग्र चांदी – 62000.00 किलो

**अर्थसार**

सैंसेक्स – 54252.53 निफ्टी – 16170.15
रु/यूएस डॉलर – 77.58 रु/यूरो – 83.04

**न्यूज फ्लैश**

## प्रधानमंत्री मोदी करेंगे देश के सबसे बड़े ड्रोन महोत्सव का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजधानी दिल्ली में देश के सबसे बड़े ड्रोन महोत्सव का आज उद्घाटन करेंगे और किसान ड्रोन चालकों से बातचीत करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ड्रोन परिचालन भी देखेंगे। दो दिवसीय भारत ड्रोन महोत्सव 27 मई से शुरू हो रहा है। पीएमओ से जारी एक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी प्रगति मैदान में 27 मई को पूर्वाह्न 10 बजे देश के सबसे बड़े ड्रोन महोत्सव भारत ड्रोन महोत्सव 2022 का उद्घाटन करेंगे। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री किसान ड्रोन चालकों से भी बातचीत करेंगे, खुले में ड्रोन के परिचालन के साक्षी बनेंगे और ड्रोन प्रदर्शनी केन्द्र में स्टार्टअप के साथ भी संवाद करेंगे। इसमें सरकारी अधिकारियों, विदेशी राजनयिकों, सशस्त्र बलों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, निजी कंपनियों और ड्रोन स्टार्टअप से जुड़े 1,600 से अधिक लोग भाग लेंगे। बयान के अनुसार, 70 से अधिक प्रदर्शक (एक्जीबिटर्स) प्रदर्शनी में ड्रोन के विभिन्न इस्तेमालों के संबंध में जानकारी देंगे। बयान में कहा गया कि इस महोत्सव में डिजिटल माध्यम से ड्रोन पायलट प्रमाणपत्र बांटे जाएंगे, उत्पादों का उद्घाटन होगा, पैनल चचाएं होंगी, परिचालन दिखाए जाएंगे और मेड इन इंडिया ड्रोन टैक्सी की प्रतिकृति दिखाई जाएगी।

## सिद्धू जेल में क्लर्क के सहायक नियुक्त, 30 से 90 रुपये के बीच वेतन मिलेगा

**चंडीगढ़।** एक साल की जेल की सजा काट रहे पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को जेल में क्लर्क का सहायक नियुक्त किया है। बता दें कि अभी पूर्व क्रिकेटर और राजनीतिज्ञ नवजोत सिंह सिद्धू पटियाला जेल में सजा काट रहे हैं। जेल अधिकारियों ने बताया कि सिद्धू ने अपना काम करना शुरू कर दिया था। सिद्धू सहायक की नौकरी दो पालियों में करने वाले हैं। पहले सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और फिर दोपहर के 3 बजे से शाम 5 बजे तक। जेल के नियमों के अनुसार सिद्धू को पहले तीन महीने बिना वेतन के ट्रेनिंग मिलेगी। इसके बाद उन्हें अकुशल, अर्ध-कुशल व कुशल कैदी की श्रेणी में रखा जाएगा। इसके बाद श्रेणी के आधार पर उन्हें 30 रुपये से 90 रुपये के बीच वेतन मिल सकता है। पंजाब जेल के अधिकारी ने कहा कि सिद्धू को एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं सिद्धू की स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों को देखकर ऑफिस के काम पर रखा गया है। अधिकारी ने कहा कि वह नौकरी करते हुए जेल रिकॉर्ड बनाए रखने में सहायता करने वाले हैं। बता दें कि मेडिकल बोर्ड की सिफारिश पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जेल में सिद्धू को स्पेशल डाइट की अनुमति दी है।

## दिल्ली में बढ़ेगी गर्मी, लू के आसार नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बीते दिनों हुई बारिश का असर अभी तक दिख रहा है, जिससे चिलचिलाती गर्मी से दिल्लीवालों को राहत मिली हुई है। दिल्ली में गुरुवार को आसमान साफ रहा और शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने जानकारी दी है कि अगले एक सप्ताह तक दिल्ली में लू नहीं चलेगी, हालांकि तापमान में बढ़ोतरी होगी और गर्मी बढ़ेगी। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 66 प्रतिशत रही। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि गुरुवार को आसमान साफ रहा। दिन का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों में तापमान में मामूली वृद्धि होने का अनुमान व्यक्त किया है, इस दौरान तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, लेकिन अगले एक सप्ताह तक लू चलने का कोई पूवार्नुमान नहीं है। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में सुबह नौ बजे एक्यूआई 183 दर्ज किया, जो मध्यम श्रेणी में आता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने वेश्यावृत्ति को वैधानिक करार दिया, कहा- सेक्स वर्कर्स के काम में पुलिस हस्तक्षेप न करे

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने वेश्यावृत्ति को वैधानिक करार दिया है। शीर्ष कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की पुलिस को आदेश दिया है कि उन्हें सेक्स वर्कर्स के काम में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। कोर्ट ने सेक्स वर्क को प्रोफेशन मानते हुए कहा कि पुलिस को वयस्क और सहमति से सेक्स वर्क करने वाले महिलाओं पर आपराधिक कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सेक्स वर्कर्स भी कानून के तहत गरिमा और समान सुरक्षा के हकदार हैं। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एल नागेश्वर राव, बीआर गवई और एएस बोपन्ना की बेंच ने सेक्स वर्कर्स के अधिकारों को सुरक्षित करने की दिशा में 6 निर्देश जारी करते हुए कहा कि सेक्स वर्कर्स भी कानून के समान संरक्षण के हकदार हैं। कोर्ट ने कहा, जब यह साफ हो जाता है कि सेक्स वर्कर वयस्क है और अपनी मर्जी से यह काम कर रही है, तो पुलिस को उसमें हस्तक्षेप करने और आपराधिक कार्रवाई करने से बचना चाहिए। कोर्ट ने कहा, इस देश के प्रत्येक व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सम्मानजनक जीवन का अधिकार है। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि जब भी पुलिस छापा मारे तो सेक्स वर्कर्स को गिरफ्तार या परेशान न करे, क्योंकि इच्छा से सेक्स वर्क में शामिल होना अवैध नहीं है, सिर्फ वेश्यालय चलाना गैरकानूनी है। कोर्ट ने कहा, एक महिला सेक्स वर्कर है, सिर्फ इसलिए उसके बच्चे को उसकी मां से अलग नहीं किया जाना चाहिए। मौलिक सुरक्षा और सम्मानपूर्ण जीवन का अधिकार सेक्स वर्कर और उनके बच्चों को भी है। अगर नाबालिग को वेश्यालय में रहते हुए पाया जाता है, या सेक्स वर्कर के साथ रहते हुए पाया जाता है तो ऐसा नहीं माना जाना चाहिए कि बच्चा तस्करी करके लाया गया है। कोर्ट ने कहा, सेक्स वर्कर्स को भी नागरिकों के लिए संविधान में तय सभी बुनियादी मानवाधिकारों और अन्य अधिकारों का हक है। बेंच ने कहा, पुलिस को सभी सेक्स वर्कर्स से सम्मान के साथ व्यवहार करना चाहिए और उन्हें मौखिक या शारीरिक रूप से दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए। न ही उन्हें किसी भी यौन गतिविधि के लिए मजबूर करना चाहिए।

# दुनिया को लीड कर सकते हैं भारतीय युवा: प्रधानमंत्री



**हैदराबाद/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि आज दुनिया भारत को एक नए सम्मान के साथ देख रही है। हम आज भारतीय समाधान (इंडियन सॉल्यूशन) को वैश्विक स्तर (ग्लोबल इंप्लीमेंट) पर लागू होते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारे युवा ये साबित कर रहे हैं कि वो दुनिया को लीड कर सकते हैं। यहां इंडियन बिजनेस स्कूल (आईबीएस) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज दुनिया भारत को, भारत के युवाओं को और भारत के उत्पाद को एक नए सम्मान और नए भरोसे के साथ देख रही है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद युवाओं से अपील की कि वे अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों को, देश के लक्ष्यों के साथ जोड़ें। उन्होंने कहा कि हमारे देश में रिफॉर्म की जरूरत हमेशा महसूस की जाती थी, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी रहती थी। पिछले 3 दशकों में लगातार बनी रही राजनीतिक अस्थिरता के कारण देश ने राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी देखी। किंतु, वर्ष 2014 के बाद से देश राजनीतिक इच्छाशक्ति को भी देख रहा है और लगातार रिफॉर्म भी हो रहे हैं। मेडिकल एजुकेशन में भी हमने कई रिफॉर्म किए हैं। इसी का परिणाम है कि बीते 8 वर्षों में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 380 से बढ़कर 600 से भी अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि देश में मेडिकल की ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट की सीटें 90 हजार से बढ़कर 1.5 लाख से ऊपर हो चुकी हैं। मोदी ने कहा कि देश में पिछले आठ सालों में जो सबसे बड़ी प्रेरणा बनी है वह जनभागीदारी है। देश की जनता खुद आगे बढ़कर रिफॉर्म को गति दे रही है। हमने स्वच्छ भारत अभियान में इसे देखा है। अब वॉकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान में भी हम जन भागीदारी की ताकत को देख रहे हैं। जब एक पारदर्शी चयन होता है तो ट्रेनिंग का, कंपीटिशन का एक बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर मिलता है। आखिर क्या कारण है कि 2014 के बाद हमें खेल के हर मैदान में अभूतपूर्व प्रदर्शन देखने को मिल रहा है? इसका सबसे बड़ा कारण है, हमारे एथलीट्स का आत्मविश्वास। आत्मविश्वास तब आता है, जब सही टैलेंट की खोज होती है। जब टैलेंट की हैंडहोल्डिंग होती है। उन्होंने आगे कहा कि आज जब देश आर्थिक विकास के नए अध्याय को लिख रहा है तो हमें एक और बात ध्यान रखनी होगी। हमें छोटे व्यापारियों का भी उतना ही ध्यान रखना होगा। हमें उन्हें ज्यादा बड़े प्लेटफॉर्म देने होंगे। आगे बढ़ने के लिए ज्यादा मौके देने होंगे। उन्हें ज्यादा से ज्यादा तकनीक से जोड़ना होगा।

## नवनियुक्त उप-राज्यपाल ने कहा, आप मुझे राजभवन में कम दिल्ली की सड़कों पर ज्यादा देंखेंगे



**नई दिल्ली।** दिल्ली के नवनियुक्त उप-राज्यपाल और खादी ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष रहे विनय कुमार सक्सेना ने गुरुवार को दिल्ली के 22वें लेफ्टिनेंट गवर्नर के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ले ली। कॉरपोरेट जगत से जुड़े वे पहले व्यक्ति हैं, जिन्हें दिल्ली का उप-राज्यपाल बनाया गया है। उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश जस्टिस विपिन सांघी ने नए उप-राज्यपाल के रूप में शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त एलजी सक्सेना ने कहा है कि मैं दिल्ली का अभिभावक बनकर काम करुंगा। उन्होंने कहा कि सबका साथ और सबका विश्वास की जो भावना है, उसको साथ लेकर चलूंगा। एलजी सक्सेना ने कविता के माध्यम से एकता के सूत्र में रहने की बात भी कही। नवनियुक्त एलजी ने दिल्ली के दंगों के मामलों पर कहा कि दिल्ली में कई दंगे हुए हैं। अब हम सब को उन सभी को भूल जाना ही बेहतर है। हम सभी लोगों को साथ मिलकर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा सपना दिल्ली को आनंद के शहर के रूप में विकसित करना है। नवनियुक्ति पर एलजी सक्सेना ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने दिल्ली की समस्याओं को लेकर कहा कि आप मुझे राजभवन में कम और दिल्ली की सड़कों पर ज्यादा देखने वाले हैं। केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर दिल्ली की समस्याओं को हल करने का प्रयास तेजी से होगा।

## अखिलेश यादव के छोड़े मैदान को संभालेंगी डिंपल यादव



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश की आजमगढ़ लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी से सांसद रहे अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया. अब इस सीट पर छह महीने के भीतर उपचुनाव होगा। आजमगढ़ से इस्तीफा देने के बाद से ही ही ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि यहां से अखिलेश यादव अपनी पत्नी डिंपल यादव को चुनाव लड़ा सकते हैं। साथ ही यह भी चाहते हैं कि उन्हें स्थानीय नेताओं से किसी भी तरह की बगावत का सामना न करना पड़े। वहीं, खबरों की मानें तो राज्यसभा सीट के लिए भी डिंपल यादव का नाम है। ऐसे में अब सवाल ये है कि अगर डिंपल यादव राज्यसभा जाती हैं तो आजमगढ़ से लोकसभा उपचुनाव कौन लड़ेगा? गौरतलब है कि हाल ही में यूपी चुनाव आजमगढ़ से सांसद अखिलेश यादव ने करहल सीट से विधानसभा चुनाव लड़ा था। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने आजमगढ़ की लोकसभा सीट छोड़ दी थी। खाली हुई लोकसभा सीट पर चुनाव कौन लड़ेगा? इसे लेकर लंबे समय से अटकलें लगाई जा रही थीं।

## कपिल सिब्बल के पार्टी छोड़ने से डरी कांग्रेस, अब जी-23 के इस नेता को राज्यसभा भेजने पर मंथन





**नई दिल्ली।** कांग्रेस के सीनियर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे कपिल सिब्बल ने पार्टी छोड़ सपा के समर्थन से राज्यसभा जाने का फैसला ले लिया है। बुधवार को ही उन्होंने लखनऊ पहुंचकर नामांकन किया था। इस घटनाक्रम पर भले ही कांग्रेस ने खुलकर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन अंदर ही अंदर मंथन चल रहा है। अब पार्टी महाराष्ट्र से मुकुल वासनिक को राज्यसभा में भेजने की तैयारी कर रही है। महाराष्ट्र से असंतुष्टों के गुट जी-23 में दो ही नेता शामिल थे, पृथ्वीराज चव्हाण और मुकुल वासनिक। लेकिन कांग्रेस मुकुल वासनिक को राज्यसभा की खाली सीट पर भेजने पर विचार कर रही है। माना जा रहा है कि वह कपिल सिब्बल के एग्जिट से डरी हुई है। अब वह कुछ और सीनियर नेताओं को खोना नहीं चाहती। जी-23 नेताओं की ओर से अगस्त 2020 में कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी को एक पत्र लिखा गया था, जिसमें संगठन में बड़े बदलावों की मांग की गई थी। लोकसभा चुनाव और राज्यों में लगातार हार के बाद यह पत्र लिखा गया था। इस लेटर को लिखने वाले नेताओं में भूपिंदर सिंह हुड्डा, कपिल सिब्बल, गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, मुकुल वासनिक, शशि थरूर, मनीष तिवारी, पृथ्वीराज चव्हाण समेत कई सीनियर नेता शामिल थे। कांग्रेस के एक सीनियर नेता ने कहा कि 10 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए मुकुल वासनिक पार्टी के कैंडिडेट हो सकते हैं। अब तक इस सीट से पी. चिदंबरम राज्यसभा में थे। पार्टी नेता ने कहा कि पी. चिदंबरम की भी एक बार फिर से राज्यसभा जाने की दावेदारी है, लेकिन उन्हें इस बार तमिलनाडु से भेजने की तैयारी है। यूपीए की सरकार के दौर में मुकुल वासनिक सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण मंत्री थे। उनके पिता बालकृष्ण वासनिक भी कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं। 4 बार लोकसभा के लिए चुने जा चुके मुकुल वासनिक को 2014 के आम चुनाव में शिवसेना के कृपाल तुमाने के मुकाबले रामटेक सीट से हार का सामना करना पड़ा था। फिलहाल मुकुव वासनिक कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी हैं। दरअसल बीते कुछ दिनों में कांग्रेस ने असंतुष्ट नेताओं को जगह देने की कोशिश की है। जी-23 में शामिल रहे सीनियर नेताओं आनंद शर्मा और गुलाम नबी आजाद को कांग्रेस ने दो राजनीतिक समितियों में जगह दी गई है, जिनका गठन चिंतन शिविर के बाद किया गया है। इन समितियों को पार्टी में सुधार के लिए सुझाव देने का काम सौंपा गया है।

## यासीन मलिक को उम्रकैद के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट



**नई दिल्ली।** टेरर फंडिंग के मामले में यासीन मलिक को दिल्ली की एनआईए कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। सजा के बाद दिल्ली और एनसीआर में आतंकी हमलों को लेकर हाई अलर्ट जारी हुआ है। वहीं, जम्मू कश्मीर के कई इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया है। कपिल सिब्बल ने 32 साल के साथ के बाद कांग्रेस को अलविदा कह दिया। मुस्लिमों का ज्ञानवापी में प्रवेश रोकने का मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रांसफर हो गया है। टेरर फंडिंग केस में यासीन मलिक को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के बाद देश की खुफिया एजेंसियों ने दिल्ली और एनसीआर में हाई अलर्ट जारी किया है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि यासीन मलिक की सजा के विरोध में राजधानी दिल्ली में आतंकी हमला हो सकता है। दिल्ली पुलिस को सुरक्षा एजेंसियों से करीब 6 से 7 संवेदनशील अलर्ट मिले हैं। ज्ञानवापी में मुस्लिमों का प्रवेश रोकने का मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया है। याचिका में तीन मांग की गई थी। इसमें ज्ञानवापी मस्जिद को हिंदुओं को सौंपने, वहां दूसरे समुदाय के प्रवेश पर रोक और आदि विशेश्वर की पूजा पाठ करने की अनुमति मांगी गई थी। बुधवार को सिविल जज- सीनियर डिवीजन से सिविल जज सीनियर डिवीजन/फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र पांडेय की अदालत में केस स्थानांतरित कर दिया गया। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने इसकी सुनवाई की तारीख 30 मई निर्धारित कर दी है। टेरर फंडिंग केस में यासीन मलिक को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के बाद देश की खुफिया एजेंसियों ने दिल्ली और एनसीआर में हाई अलर्ट जारी किया है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि यासीन मलिक की सजा के विरोध में राजधानी दिल्ली में आतंकी हमला हो सकता है। दिल्ली पुलिस को सुरक्षा एजेंसियों से करीब 6 से 7 संवेदनशील अलर्ट मिले हैं। ज्ञानवापी में मुस्लिमों का प्रवेश रोकने का मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया है। याचिका में तीन मांग की गई थी। इसमें ज्ञानवापी मस्जिद को हिंदुओं को सौंपने, वहां दूसरे समुदाय के प्रवेश पर रोक और आदि विशेश्वर की पूजा पाठ करने की अनुमति मांगी गई थी। बुधवार को सिविल जज- सीनियर डिवीजन से सिविल जज सीनियर डिवीजन/फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र पांडेय की अदालत में केस स्थानांतरित कर दिया गया। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने इसकी सुनवाई की तारीख 30 मई निर्धारित कर दी है।

## उद्धव सरकार का एक और मंत्री ईडी की रडार पर, सोमैया बोले- जेल जाने की तैयारी करें



**मुंबई।** महाराष्ट्र की उद्धव सरकार का एक और मंत्री अब ईडी की रडार पर है। ईडी ने गुरुवार सुबह परिवहन मंत्री और शिवसेना नेता अनिल परब और अन्य के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की जांच के तहत महाराष्ट्र राज्य में कई स्थानों की तलाशी ली। ईडी ने मुंबई, पुणे और रत्नागिरी में परब से जुड़े सात परिसरों की तलाशी ली। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने कहा कि परब को धनशोधन मामले में अपनी संलिप्तता को को लेकर सलाखों के पीछे जाने की तैयारी करनी चाहिए। महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक और राज्य के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को इससे पहले मनी लॉन्ड्रिंग के अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया था। अब ईडी ने रत्नागिरि जिले के तटीय दापोली इलाके में भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं और अन्य आरोपों को लेकर परब एवं अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत राज्य में कई स्थानों पर छापे मारे। ईडी ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत एक ताजा मामला दर्ज किया है, जिसके बाद दापोली, मुंबई और पुणे में कई स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। इस जमीन पर 2017 से 2020 तक एक रिजॉर्ट बनाया गया। आयकर विभाग ने कदम और उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) बजरंग खरमाटे जैसे, परब के कुछ करीबी लोगों के खिलाफ मार्च में छापे मारे थे, जिसके बाद उसने मंत्री पर ये आरोप लगाए थे। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मार्च में जारी एक बयान में कहा था कि रिजॉर्ट का निर्माण 2017 में शुरू हुआ था और इसके निर्माण में छह करोड़ रुपए नकद खर्च किए गए थे। भारतीय जनता पार्टी के नेता किरीट सोमैया ने कहा कि महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री अनिल परब के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत प्रदर्शन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के मद्देनजर उन्हें जेल जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। पूर्व भाजपा सांसद ने कहा कि वह पिछले कुछ वर्षों से लगातार विभिन्न मुद्दों को उठा रहे हैं और परब के खिलाफ जांच की मांग कर रहे हैं। सौमैया ने आरोप लगाया है रिसॉर्ट का निर्माण तटीय नियामक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाके में अवैध रूप से किया गया और बताया जाता है कि इस पर परब का अप्रत्यक्ष स्वामित्व है।

## मोदी सरकार के 8 साल : रेलवे को मिली 'वंदे भारत एक्सप्रेस' के जरिये तीव्र गति




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले आठ सालों में कई मोर्चों पर तरक्की और विकास के परचम लहराये हैं। रेलवे के कायाकल्प में भी सरकार की तीव्र और प्रगतिशील सोच साफ नजर आ रही है। मोदी सरकार के मेक इन इंडिया अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में नय-नये योग-प्रयोग जारी हैं। रेलवे में भी मेक इन इंडिया अभियान की सफलता वंदे भारत अभियान के रूप में साफ नजर आ रही है। कभी लेट-लतीफी का ठप्पा झेलने वाली भारतीय रेल अब मोदी सरकार में पटरियों पर सरपट दौड़ रही है। समय और गति के मामले में भी इसने नये मानदंड स्थापित किये हैं। मेक इन इंडिया के तहत तैयार देश की पहली सेमी हाई स्पीड 'वंदे भारत एक्सप्रेस' (ट्रेन-18) को नई दिल्ली-वाराणसी के बीच 15 फरवरी 2019 को हरी झंडी दिखाई गई थी। देश को दूसरी वंदे भारत ट्रेन का तोहफा 3 अक्टूबर 2019 को नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा के रूप में मिला। इसके साथ ही काशी विश्वनाथ और वैष्णों देवी जाने वाले तीर्थ यात्रियों की राह आसान हो गई। वर्तमान में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के केवल दो रेक नई दिल्ली-कटरा और नई दिल्ली-वाराणसी रूट पर चल रहे हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस को 180 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से चलने में सक्षम होने के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन मौजूदा ट्रैक स्थिति के कारण ट्रेन 130 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से संचालित होती है। यात्रियों के दृष्टिकोण से वंदे भारत ट्रेनें शताब्दी ट्रेनों से एक निश्चित कदम ऊपर हैं। ट्रेनों के प्रत्येक कोच में धूल रहित वातावरण के लिए गैंगवे, मॉड्यूलर बायो-वैक्यूम शौचालय, एग्जीक्यूटिव क्लास में रोटेटिंग सीट, पर्सनलाइज्ड रीडिंग लाइट, स्लाइडिंग फुटस्टेप्स के साथ ऑटोमैटिक एंट्री/एग्जिट डोर, डिफ्यूज एलईडी लाइटिंग, मिनी पेंट्री, सेंसर-आधारित इंटरकनेक्टिंग दरवाजे हैं। मोदी सरकार ने बजट 2022 में अगले तीन सालों में 400 सेमी-हाई स्पीड अगली पीढ़ी की वंदे भारत ट्रेनों को शुरू करने की योजना रखी है। ये नई पीढ़ी की वंदे भारत ट्रेनें बेहतर ऊर्जा दक्षता और यात्री सवारी अनुभव प्रदान करेंगी। लेकिन शायद यही एकमात्र कारण नहीं हैं कि देश का बजट और भारतीय रेलवे इन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेनों पर बड़ा दांव लगा रहे हैं। जिनका पहली बार 2018 में ट्रेन-18 (वंदे भारत) के रूप में अनावरण किया गया था। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत ने वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ गतिशीलता के एक नए युग में प्रवेश किया है। रेलवे के वित्त और परिचालन दक्षता में सुधार की आवश्यकता सहित कई उद्देश्य भी एक कारक हैं। उनका कहना है कि अगर 400 की महत्वाकांक्षी संख्या हासिल की जाती है, तो इससे रेलवे को बेहतर यात्री राजस्व हासिल करने में मदद मिलेगी और 'मेक इन इंडिया' के निमार्ताओं को बल मिलेगा। यात्री दृष्टिकोण से, इन ट्रेनों का मतलब निश्चित रूप से एक बेहतर यात्रा अनुभव है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस लिहाज से रेलवे एयरलाइंस की तर्ज पर प्रीमियम किराया वसूल कर सकेगा।

**अगस्त 2023 तक देश में 75 और वंदे भारत ट्रेन का लक्ष्य** – प्रधानमंत्री मोदी ने गत वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में आजादी के अमृत महोत्सव के मद्देनजर देश के सामने कई लक्ष्य रखे थे। इसी श्रृंखला में उन्होंने भारतीय रेलवे के लिए अमृत महोत्सहव के 75 सप्तोह में अर्थात 15 अगस्त 2023 तक 75 वंदे भारत ट्रेनें देश के हर कोने को आपस में जोड़ने के लिए शुरू करने का लक्ष्य दिया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में उनका मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी 75 नई सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को शुरू करने के लिए दिन-रात मिशन मोड में काम कर रहा है। यह ट्रेनें राष्ट्रीय राजधानी को अन्य प्रमुख रेल खंडों से जोड़ेगी। रेल मंत्री ने पिछले दिनों इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) का दौरा करने के बाद कहा था कि "वंदे भारत एक्सप्रेस के डिब्बों का उत्पादन तेजी से हो रहा है।" रेल मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार रेलवे इन ट्रेनों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए विनिर्माण इकाइयों की क्षमता बढ़ाने पर 130 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इससे चार ट्रेनों की मौजूदा क्षमता की तुलना में हर महीने छह ऐसी ट्रेनों का निर्माण सुनिश्चित होगा।

## अजमेर शरीफ में शिवालय होने का दावा, दरगाह में स्वास्तिक क्यों?

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर स्थित हजरत ख्वाजा गरीब दरगाह को महाराणा प्रताप सेना ने मंदिर होने का दावा किया है। संगठन ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और केंद्र सरकार को भी पत्र लिखकर इसकी जांच कराने के लिए कहा है। महराणा प्रताप सेना के पदाधिकारियों ने तस्वीर भेजी है, जिसमें अजमेर दरगाह की खिड़कियों पर स्वस्तिक के निशान बने हुए हैं। सेना के संस्थापक राजवर्धन सिंह परमार दावा कर रहे हैं, कि अजमेर की हजरत ख़्वाजा गरीब नवाज दरगाह एक शिव मंदिर था जिसे दरगाह बना दिया गया। परमार का दावा है कि दरगाह में स्वस्तिक का क्या काम? ये जांच का विषय है। हमने मुद्दा उठाया है, सरकार को जांच करनी चाहिए। महराणा प्रताप सेना ने राजस्थान सरकार, राज्यपाल, केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी है।

# सम्पादकीय

## मानसून की दस्तक - सरकारी योजनायें - डूबते शहर

उत्तर भारत में मानसून दस्तक देने जा रहा है। निश्चित रूप से जो लोग भीषण गर्मी के प्रकोप से त्राहि त्राहि कर रहे हैं उन्हें वर्षा ऋतु से होने वाले मौसम परिवर्तन के बाद होने वाले तापमान में गिरावट से काफी राहत महसूस होगी। परन्तु प्रकृति प्रदत्त यही राहत प्रायः उस समय मानव संकट में भी बदल जाती है जबकि मानसून में होने वाली यही बारिश इंसानों को सुकून व राहत देने के बजाये उसकी परेशानी,तबाही व बबार्दी का कारण बन जाती है। देश के कई राज्य आज भी ऐसे हैं जहाँ सरकार चाहते हुये भी बाढ़ के प्रकोप से इंसान व उसे होने वाले नुक़्सान को नहीं बचा पाती है। मानसून शुरू होते ही विभिन्न राज्यों की अनेक उफनती हुई नदियां प्रत्येक वर्ष मानवीय तबाही का नया इतिहास लिखती हैं। कहीं पुल बह जाते हैं ,कहीं बाँध टूट जाते हैं, कहीं पूरे के पूरे गांव बाढ़ की विनाशलीला की भेंट चढ़ जाते हैं। हम प्रत्येक वर्ष ऐसा हालत से जूझने के लिये मजबूर रहते हैं तथा इसे प्रकृतिक बाढ़ प्रकोप या इससे उपजी विनाश लीला समझकर इसे स्वीकार कर लेते हैं। हालांकि इसतरह की अनियंत्रित बाढ़ में भी भ्रष्टाचार एक बड़ा कारक होता है। मिसाल के तौर पर नदियों के किनारे बनने वाले बांधों के निर्माण में बड़े पैमाने पर होने वाला भ्रष्टाचार, अवैध खनन, कमजोर पुलों व पुलों के खम्बों का घटिया स्तर का निर्माण आदि। परन्तु बाढ़ के प्रकोप को 'प्रकृतिक प्रकोप' मानकर सरकार स्वयं को किसी तरह की जिम्मेदारी से बचा ले जाती है। परन्तु शहरी इलाकों के डूबने की जिम्मेदार जहां मानवनिर्मित अनेक समस्यायें हैं वहीं सरकार की गलत योजनायें भी इसके लिये कम जिम्मेदार नहीं। उदाहरण स्वरूप शहरों में बनाई या मरम्मत की जाने वाली गलियां बार बार ऊँची से ऊँची की जाती हैं। और उनके दोनों तरफ की नालियों की गहराई को कम कर उसे और छिछला कर दिया जाता है। परिणाम स्वरूप अनेक मकानों का मुख्य स्तर गलियों व सड़कों से भी नीचे हो जाता है। इसकी वजह से थोड़ी सी भी बारिश का पानी मकानों में प्रवेश कर जाता है। और अगर बारिश तेज हो फिर तो गली मोहल्लों में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है। उधर हरियाणा के अंबाला जैसे विभिन्न राज्यों के विभिन्न शहरों में बरसाती तथा नालों के माध्यम से जल निकासी हेतु अनेक नये नालों का निर्माण किया गया है। इसी तरह प्रायः फ़्लाई ओवर्स के नीचे भी नाले बनाये गये हैं। आज यदि पूरी ईमानदारी के साथ इन नवनिर्मित नालों की स्थिति पर नजर डाली जाये तो यह अधिकांश जगहों पर न केवल क्षति ग्रस्त मिलेंगे बल्कि ज्यादातर नाले अवरुद्ध भी नजर आयेंगे। तमाम जगहों पर यह नाले नालियां पूरी तरह ढके होंगे। इतने ढके कि इनकी न तो सफाई की जा सकती है न ही इनमें जमे कीचड़ मलवे को निकाला जा सकता है। गोया सरकार, निर्धारित योजनानुसार निर्माण तो कर देती है। परन्तु उसे सुचारु रूप से प्रवाहित करने की ओर ध्यान नहीं देती। यदि करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद नालों व नालियों से गन्दा पानी प्रवाहित नहीं हो रहा है और बजाये इसके यही नाली नाले शहरों में आने वाली बढ़ का कारण भी बने फिर जनता के पैसों की बबार्दी का आखिर क्या औचित्य है? शहरों के डूबने में सरकार के साथ साथ जनता भी कम दोषी नहीं है। जो गंदे नाले व नालियां गंदे घरेलू पानी या वर्षा जल को प्रवाहित करने के लिये होते हैं उन्हीं नालों में आपको मरे हुये जानवर, रजाई, गद्दे, कंबल, कपड़े, कांच व प्लास्टिक की बोतलें पॉलीथिन, प्लास्टिक, ईंट-पत्थर, जूते चप्पल, घरेलु कूड़ा करकट आदि न जाने क्या क्या पड़ा नजर आयेगा। जाहिर है यह 'कारगुजारी' सरकार की नहीं बल्कि आम लोगों की है। हमारी और आप की है। हमें यह समझना होगा कि हम नालियों का इस्तेमाल केवल गंदे जल के प्रवाह करने के मकसद तक ही करें। इन्हें हम कूड़ा घर कतई न बनने दें। हम स्वयं भी ऐसा न करें और यदि कोई ऐसा करते दिखाई दे तो उसे भी मना करें। इन्हीं लापरवाहियों के चलते बरसात के दिनों में शहरों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। और जो लोग नालों व नालियों को कूड़ाघर बनाते हैं उन्हीं के मकानों में वर्षा जल नालों के गंदे पानी के साथ प्रवेश करता है जोकि परेशानी व असुविधा के साथ साथ विभिन्न बीमारियों को भी दावत देता है। इसके साथ साथ सरकार का भी कर्तव्य है कि वह युद्धस्तर पर शहरी नालों व नालियों की समुचित सफाई करवाये। टूटे फूटे नालों व नालियों की मरम्मत कराये। इनमें जमी गाद व कचरा कूड़ा आदि पूरी तरह साफ करवाकर नाले नालियों के पानी की प्रवाह पूर्ण स्थिति सुनिश्चित करे।

## भारत निर्माण में अभूतपूर्व योगदान है पंडित नेहरू का!



लेखक -डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट /ईएमएस



महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी सुख सुविधाओं को त्याग कर आजादी के आंदोलन में भाग लिया था। वे अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजों के खिलाफ लड़े थे। चाहे असहयोग आंदोलन की बात हो या फिर नमक सत्याग्रह या फिर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन हो, उन्होंने गांधी जी के हर आंदोलन में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। पंडित जवाहरलाल नेहरू की विश्व के बारे में जानकारी से गांधी जी काफी प्रभावित होते थे और इसीलिए आजादी के बाद वह उन्हें प्रधानमंत्री पद पर देखना चाहते थे। महात्मा गांधी के ही प्रयास से वे देश के प्रथम प्रधानमंत्री बन पाए। सन 1920 में उन्होंने उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ ज़िले में पहले किसान मार्च का आयोजन किया था। सन 1923 में पंडित नेहरु अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव चुने गए। सन 1952 में देश मे पहले आमचुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से सत्ता में आई और पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री चुने गए। इससे पहले वह सन1947 में आजादी मिलने के बाद से अंतरिम प्रधानमंत्री थे। संसद की 497 सीटों के साथ-साथ राज्यों की विधानसभाओं के लिए भी चुनाव हुए थे। लेकिन जहाँ संसद में कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत हासिल हुआ, वहीं कुछ राज्यों में कांग्रेस को दूसरे दलों से जबर्दस्त टक्कर मिली थी। कांग्रेस पार्टी बहुमत हासिल करने में चेन्नई, हैदराबाद और त्रावणकोर जैसे शहरों में विफल रही थी, उसे कम्युनिस्ट पार्टी ने कड़ी टक्कर दी थी। हालाँकि इन चुनावों में हिन्दू महासभा और अलगाववादी सिक्ख अकाली पार्टी को मुँह की खानी पड़ी थी। पहले चुनाव के बाद से ही कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) ने दक्षिणी राज्यों में जनसमर्थन बढ़ाना शुरू कर दिया था, जिसके नतीजे सन 1957 में हुए चुनाव में उसे मिले। त्रावणकोर-कोचिन और मालाबार को मिला कर बने केरल में कम्युनिस्ट पार्टी सत्ता में आई। सन 1929 में जब लाहौर अधिवेशन में गांधी ने नेहरू को अध्यक्ष पद के लिए चुना था, तब से 35 वर्षों तक यानि सन 1964 तक प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए पंडित नेहरू ने देश में विकास पटरी बिछाई थी, सन1962 में चीन से हारने के बावजूद, नेहरू अपने देशवासियों के आदर्श बने रहे। राजनीति के प्रति उनका धर्मनिरपेक्ष रवैया गांधी के धार्मिक और पारंपरिक दृष्टिकोण से भिन्न था। गांधी जी वस्तुतः सामाजिक उदारवादी थे, जो देश को धर्मनिरपेक्ष बनाने की चेष्ठा कर रहे थे। नेहरु लगातार आधुनिक संदर्भ में बात करते थे। वहीं गांधी प्राचीन भारत के गौरव पर बल देते थे।देश के इतिहास में एक ऐसा अवसर भी आया था, जब महात्मा गांधी को स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पद के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल और जवाहरलाल नेहरू में से किसी एक का चयन करना था। लौह पुरुष के सख्त तेवर के सामने नेहरू का विनम्र राष्ट्रीय दृष्टिकोण भारी पड़ा और वह न सिर्फ. इस पद पर चुने गए, बल्कि उन्हें सबसे लंबे समय तक विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की बागडोर संभालने का गौरव हासिल भी हुआ। पंडित जवाहरलाल नेहरू एक महान राजनीतिज्ञ, प्रभावशाली वक्ता ही नहीं, प्रसिद्ध लेखक भी रहे। उनकी आत्मकथा सन 1936 ई. में प्रकाशित हुई थी। उनकी अन्य पुस्तकों में भारत एक खोज, भारत और विश्व, सोवियत रूस, विश्व इतिहास की एक झलक, भारत की एकता और स्वतंत्रता और उसके बाद उल्लेखनीय हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश में औद्योगीकरण को महत्व बहुत महत्व दिया। भारी उद्योगों की स्थापना को उन्होंने प्रोत्साहन दिया। विज्ञान के विकास के लिए सन1947 ई. में नेहरू ने 'भारतीय विज्ञान कांग्रेस' की स्थापना की। भारत के विभिन्न भागों में स्थापित वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अनेक केंद्र इस क्षेत्र में उनकी दूरदर्शिता के स्पष्ट प्रतीक हैं। खेलों में नेहरू की खास रुचि थी। उन्होंने खेलों को मनुष्य के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक बताया था। एक देश का दूसरे देश से मधुर सम्बन्ध कायम करने के लिए सन 1951 ई. में उन्होंने दिल्ली में प्रथम एशियाई खेलों का आयोजन कराया था। नेहरू ने भारत में लोकतांत्रिक समाजवाद की स्थापना का लक्ष्य रखा था। उन्होंने आर्थिक योजना की आवश्यकता पर भी बल दिया। वे सन 1938 ई. में कांग्रेस द्वारा नियोजित 'राष्ट्रीय योजना समिति' के अध्यक्ष भी बने। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वे 'राष्ट्रीय योजना आयोग' के प्रधान बने। नेहरू के व्यक्तिगत प्रयास से ही भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था। जवाहरलाल नेहरू ने निर्गुटता एवं पंचशील जैसे सिद्धान्तों का पालन कर विश्व बन्धुत्व एवं विश्वशांति को प्रोत्साहन दिया। उन्होंने पूंजीवाद, साम्राज्यवाद, जातिवाद एवं उपनिवेशवाद के खिलाफ जीवनपर्यन्त संघर्ष किया। अपने कैदी जीवन में जवाहरलाल नेहरू ने 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया', 'ग्लिम्पसेज ऑफ वर्ल्ड हिस्ट्री' एवं 'मेरी कहानी' नामक पुस्तकों की रचना कर स्वयं को एक लेखक के रूप में भी सिद्ध किया। उनको बच्चे बहुत प्रिय रहे, बच्चे भी उन्हें चाचा नेहरू के रूप में सम्मान देते थे। तभी तो उनका जन्मदिन बालदिवस के रूप में मनाया जाता है।

चाचा नेहरू अब आ भी आओ
हमको अच्छे खिलौने दिलाओ
समय अब बहुत बदल गया है
बच्चों का भी खेल बदल गया है
गिल्ली डंडा ,कबड्डी नही रहे अब
कुश्ती,खो खो इतिहास हो गए अब
सब पर क्रिकेट का जुनून सवार है
मोबाईल खेल का बड़ा हथियार है
सांप सीडी लूडो से नही प्यार है
कार्टून फिल्मे ही हमे भाती है
कम्प्यूटर गेम खूब लुभाती है
गुलाब का फूल अब नही लेंगे
मिठाई भी पसन्द हम नही करेंगे
चावमीन, पिज्जा अच्छा लगता है
चॉकलेट, बर्गर हमे बहुत भाता है
बाल कल्याण की कोई नीति नही है
हमे लुभाने की कोई रीति नही है
चाचा नेहरू सिर्फ तुम्ही थे अपने
तुम्हारे बिन हमारे ध्वस्त है सपने
आज के नेताओं को सद्बुद्धि दे दो
बालदिवस पर एक छुट्टी दिला दो।

## आज का कार्टून।




## अमेरिका की मजबूरी



लेखक-सिद्धार्थ शंकर /ईएमएस

जापान में क्वाड समिट में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने कोरोना महामारी के दौरान भारत के काम और वैक्सीन को सराहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कोरोना महामारी से निपटने को लेकर पीएम मोदी के काम की तारीफ की। बाइडेन ने महामारी से निपटने में चीन और भारत की तुलना करते हुए चीन को फेल करार दिया। उन्होंने कहा कि बड़ी आबादी के बावजूद भारत ने कोरोना पर लोकतांत्रिक तरीके से काबू पाया है। इसके अलावा बाइडेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच द्विपक्षीय वार्ता में भी बाइडेन ने कहा, भारत और अमेरिका की साझेदारी सही मायने में विश्वास की साझेदारी है। हमारे साझा हितों और मूल्यों ने दोनों देशों के बीच विश्वास के बंधन को मजबूत किया है। बाइडेन ने कहा, भारत और अमेरिका मिलकर बहुत कुछ कर सकते हैं। हम भारत के साथ धरती की अब तक की सबसे अच्छी दोस्ती करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कोरोना से लेकर यूक्रेन मसले तक बाइडेन की मोदी की तारीफ के मायने देखें तो पता चलेगा कि ना चाहते हुए भी अमेरिका आज भारत से बैर ले पाने की स्थिति में नहीं है। रूस-यूक्रेन जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय राजनीति में काफी बदलाव आए हैं। इसका असर भारत पर भी पड़ा है। हालांकि, इस जंग के दौरान भारत अंतरराष्ट्रीय राजनीति का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। एक पखवाड़े में दस से ज्यादा देशों के राष्ट्राध्यक्ष या विदेश मंत्री या बड़े अधिकारियों ने भारत का दौरा किया है। इन देशों में प्रमुख रूप से रूस, ब्रिटेन, चीन, कनाडा, ग्रीस, ओमान, श्रीलंका, मैक्सिको और आस्ट्रिया के विदेश मंत्री, जापानी प्रधानमंत्री और अमेरिका के डिप्टी एनएसए शामिल रहे हैं। दुनियाभर के प्रमुख देशों के प्रतिनिधियों के लगातार भारत दौरे ने यह साबित किया है कि रूस-यूक्रेन जंग से उपजे हालात में भी दुनिया के प्रमुख देशों को भारत की अहमियत पता है। यह दुनिया में भारत के बढ़ते प्रभाव की निशानी है। रूस यूक्रेन जंग में भारत की तटस्थता नीति की निंदा करने के बावजूद इसका असर भारत अमेरिका के संबंधों पर नहीं पड़ा। यही वजह है कि रूस यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद विभिन्न स्तरों पर दोनों देशों के बीच कई स्तर की वार्ता हो चुकी है। इस मामले में तमाम असहमति के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कई बार वार्ता कर चुके हैं। ऐसा कोई संयोग नहीं है। अमेरिका यह जानता है कि दक्षिण चीन सागर एवं हिंद महासागर में चीन के बढ़ते प्रभुत्व को रोकने के लिए भारत बेहद उपयोगी है। चीन पर नकेल लगाने के लिए अमेरिका को भारत का साथ चाहिए। हाल के दिनों में अमेरिका के लिए भारत की सामरिक उपयोगिता बढ़ी है। क्वाड के गठन को इसी कड़ी में जोड़कर देखा जाना चाहिए। इसके अलावा ताइवान भी एक बड़ा फैक्टर है, जहां चीन और अमेरिका आमने-सामने हैं। ऐसे में अमेरिका भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को बढ़ा रहा है। यूक्रेन जंग में वह भारत की नीतियों के विरोध के बावजूद भारत से रिश्ते खराब नहीं करना चाहता। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की अहमियत की एक वजह यह भी है कि भारत जनवरी 2023 तक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य है। ऐसे में सभी देश चाहते हैं कि भारत अगर उनका साथ न दे तो कम से कम विरोध भी न करे। इसके अलावा भारत दक्षिण एशिया का सबसे ताकतवर एवं सक्षम देश है। भारत दुनिया के सबसे प्रमुख बाजारों में से है, यानी बड़े देशों के फायदे के लिए बहुत जरूरी है। यही वजह है कि अमेरिका समेत सभी ताकतवर देश भारत को अपने पाले में रखना जरूरी मानते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत-अमेरिका के संबंध बहुत तेजी से मजबूत हुए हैं। साथ ही रक्षा क्षेत्र में भी दोनों देशों के संबंध तेजी से मजबूत हुए हैं। अगर भारत अमेरिका के व्यापार पर नजर डाले तो दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 2019 तक 146 अरब डॉलर यानी करीब दस लाख करोड़ रुपए का था। यह भारत रूस के व्यापार का करीब 15 गुना है।

## सादगी और निष्ठा

मोतीहारी में गांधीजी कार्यकताओं को निर्देश दे रहे थे- 'आज अवंतिका आने वाली होगी, उसे स्टेशन से लिवा लाना और कमरे में ठहरा देना।' एक ने कहा-'बापू उसे इन साधारण कमरों में चटाई पर सोना क्यों पसंद होगा? वह तो पहले दरजे में सफर की आदी है'। बापू ने कहा-'वह जनसेवक के तौर पर आ रही है। जनसेवक के अनुरूप अगर तीसरे दरजे में आई तो उसे यहीं रखूंगा, वरना वापस भेज दूंगा।' 'पर बापू ....' दूसरे ने संकोच में कहा-'उनके पास पैसा है, वह भी उन्हीं का कमाया हुआ। उसे खर्च करने में क्या बुराई है? खर्च का मतलब अपव्यय तो नहीं।' स्वयं सेवक गांधीजी के सबसे छोटे पुत्र देवदास गांधी के साथ आवंतिका बाई को लेने स्टेशन गए। देवदास ही अकेले उन्हें पहचानते थे। देवदास ने उम्मीद के मुताबिक उन्हें दूसरे दरजे के डिब्बों में खोजा, लेकिन कहीं पता न चला। तब वे निराश होकर वापस आ गए और खबर दी कि अवंतिका बाई इस गाड़ी से नहीं आईं। यह सुनकर सब लोग हंसने लगे। दरअसल अवंतिका अपने पति के साथ पहले ही एक साधारण कमरे में ठहर चुकी थीं। यात्रा उन्होंने तीसरे दर्जे में की थी और बापू की कसौटी पर खुद को खरा साबित किया। शाम को गांधीजी उन्हें समझाने लगे- किस तरह बड़हखा गांव जाकर काम शुरू करना करना है। इस पर कस्तूरबा ने कहा- 'ये आज ही आए हैं और कल दीवाली है। दीवाली मनाकर जाएं।' 'नहीं ऐसा नहीं होगा, इन्हें कल सुबह ही निकलना होगा।' गांधीजी का स्वर तेज था। ''एक दिन में क्या हो जाएगा?' 'जनसेवक को निठल्ले नहीं बैठना है।' तभी अवंतिका बोलीं- 'बापू, आप मुझे यह बताएं कि बड़हखा के कायाकल्प के लिए मुझे क्या करना है।' गांव की समस्याओं का तो वहीं जाकर अध्ययन करना होगा और गांव वालों का विश्वास जीतना होगा।' 'और विश्वास जीतने के लिए क्या करना होगा?' 'सादगी और निष्ठा का पालन ही तुम्हें विश्वस्त बनाएगा। जनसेवक की यही संपत्ति है। यह सुनकर आवंतिका बाई तैयारी में जुट गईं।

## प्रसंगत: लालची हकीम

जापान के टोकियो शहर में एक हकीमजी रहते थे। वे बड़े मशहूर थे। उनकी दवाएं रामबाण होती थीं। हकीमजी अपनी विशेषज्ञता के साथ लालची स्वभाव के कारण बड़े ही बदनाम थे। एक बार एक बच्चे को जिसे कोई असाध्य बीमारी थी, उसे हकीमजी के पास लाया गया। हकीमजी ने उसे बिल्कुल ठीक कर दिया। बच्चे का मां ने अपने कृतज्ञता जताने के लिए रेशम का एक बटुआ हकीमजी को भेंट में देने के लिए उनकी ओर बढ़ाया। बच्चे की मां ने कहा- हकीमजी, यह बटुआ मैंने अपने हाथों से बड़ी मेहनत और कारीगरी से बनाया है। कृपया इसे स्वीकार करें। सिर हिलाते हुए रुखाई से हकीमजी बोले- मैं कोई चीज-वीज नहीं लेता। सिर्फ रुपया लेता हूं। नकद रुपया। इस अपमान से बच्चे की मां के दिल को ठेस लगी। उसने हकामजी से पूछा- कितना पैसा देना है आपको? हकीमजी ने कहा- सिर्फ पांच न्यांग (जापानी मुद्रा का नाम)। बिना कुछ कहे बच्चे की मां ने रेशम के बटुए से पांच न्यांग निकाल कर हकीमजी को दे दिए। बटुआ और उसमें रखे दस और न्यांग लेकर वह चली गई। हकीमजी अगर रेशम का बटुआ ले लेते तो उन्हें बटुए के साथ पन्द्रह न्यांग मिलते। अब महज पांच न्यांग ही हकीमजी के हाथ लगे।

## भ्रष्टाचार पर आप का अंदाज काबिल-ए-तारीफ



लेखक-ऋतुपर्ण दवे ( ईएमएस)

अब इसे शुक्राना कहें या नजराना, धन्यवाद या फिर रिश्वत कोई शक नहीं कि भारत में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि उससे मुक्ति की आशा आम आदमी को एक सपने जैसे लगती है। लेकिन बीच-बीच में कोई घटना (यही कहना बेहतर होगा) उम्मीद की लौ बुझने नहीं देती है। लगने लगता है कि कभी न कभी तो इससे निजात मिलेगा? ऐसा ही कुछ भरोसा पंजाब के सेहत मंत्री डॉ. विजय सिंगला की बरखास्तगी और गिरफ्तारी के बाद सींखचों के पीछे पहुँचा देने से बुझी-बुझी सी आस देश में बरकरार जरूर है। क्या कह सकते हैं कि यह बर्खास्तगी एक ट्रेलर है और पूरी फिल्म अभी बांकी है? सवाल फिर वही कि आखिर कब तक सिस्टम के रूप में भले ही बेमन से भ्रष्टाचार को स्वीकारा जाता रहेगा? बातें तो खूब होती हैं परन्तु धरातल पर सच्चाई अलग दिखती है। ऐसे में अगर कहीं कोई उदाहरण सामने आ जाए तो जबरदस्त राहत देती नई लकीर बनती है। स्वाभाविक है किसी सरकार की तरफ से कोई कठोर कदम उठाया जाता है तो सबका ध्यान बरबस खिंच जाता है और इस पर बिना लाग लपेट प्रतिक्रियाएँ भी स्वाभाविक हैं। भगवन्त मान न केवल देश के दूसरे मुख्यमंत्री बन गए बल्कि पहले मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल भी उसी पार्टी से हैं। अब पंजाब की सरहद से बाहर यह मसला पूरे देश और दुनिया में जबरदस्त सुर्खियों में है और लोग आश्चर्य, अविश्वास के साथ बहुत बड़े नैतिक कदम के रूप में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान की कमर पर प्रहार भी मान रहे हैं। फिलाहाल तो पंजाब में जैसे हर कहीं सनाका खिंच गया है, लोगों को विश्वास तक नहीं हो रहा है और तो और सत्ताधारी दल के लोग, नुमाइन्दें और नौकरशाह बुरी तरह डरे हुए हैं। विरोधियों की गत समझी जा सकती है। बस देखना यही है कि तमाम राजनीतिक नफा-नुकसान के हिसाब-किताब से इतर उठाया गया यह दुस्साहसी कदम 2022 का अकेला उदाहरण बनकर रह जाता है या आगे भी भ्रष्टाचार में गले तक डूबे तक सिस्टम पर जारी रहेगा? आम आदमी पार्टी शायद ऐसे उदाहरणों को लेकर चचाओं में बनी रहती है। हो सकता है उसका शगल हो लेकिन नैतिकता व ईमानदारी के नाम पर उठाया गया यह कदम लोगों को तो खूब भा रहा है। हाँ, पंजाब की नई-नई सरकार के नए सेहत मंत्री को महज 62 दिनों में ही एक झटके में सबूतों के बिना पर बरखास्त कर गिरफ्तार करवा देना कोई आसान काम नहीं था। बड़ी इच्छा शक्ति और जबरदस्त कशमकश के बाद काफी सोच, समझकर लिया गया फैसला होगा। लेकिन यह तो मानना पड़ेगा कि देश में शासन-प्रशासन में सुधार और राहत को लेकर आम आदमी की अभी उम्मीदों की लौ बुझी नहीं है। एक छोटे से दल से ही हुई शुरूआत का बीज खूब फले-फूले। फिलाहाल यह शुकून की बात है। भारत में भ्रष्टाचार पर अनवरत चचाओं का सिलसिला और विरोध में आन्दोलनों की बाढ़ अनवरत चलती रहती है। लेकिन क्या इस पर कभी काबू पाया जा सका? उत्तर को लेकर कोई निरुत्तर नहीं है, सब जानते हैं कि नहीं। दरअसल भ्रष्टाचार का दीमक स्वतंत्रता के बाद से ही लोकतांत्रिक व्यवस्था में घुन जैसे घुस गया जिसको लाख उपचार के बाद भी नहीं खत्म किया जा सका। देखते ही देखते भ्रष्टाचारी ऑक्टोपस बिना मरे टूट-टूट कर ऐसा फैलता रहा कि स्वतंत्रता के दशक भर भीतर ही संसद में बहस होने लगी। संसद का एक महत्वपूर्ण वाकया आज भी प्रासंगिक है जब 21 दिसंबर 1963 को डॉ. राममनोहर लोहिया ने कहा था कि सिंहासन और व्यापार के बीच का संबंध भारत में जितना भ्रष्ट और दूषित हो गया है उतना दुनिया के इतिहास में कहीं नहीं हुआ। इसकी जड़ों को लेकर डॉ. लोहिया की उस समय की पीड़ा को 59 सालों के बाद आज भी समझा जा सकता है। इसकी कल्पना मात्र से ही सिरहन हो उठती है। ऐसे में आम आदमी पार्टी के इस दुस्साहस को राजनीतिक रूप से भले ही कुछ भी समझा जाए लेकिन पुराने कई उदाहरण देखकर लगता है कि डॉ. लोहिया के चिन्तन को सार्वजनिक जीवन के अमल में लाने के लिए कुछ तो हो रहा है। दरअसल भ्रष्टाचार एक चेन के रूप में गहरे तक घुसपैठ बना चुका है। कहीं न कहीं तमाम विभागों में एक टाईअप जैसे काम करता है। नेता और नौकरशाह इतने बेखौफ हो गए हैं कि उन्हें न लाज है न भय। अर्थव्यवस्था और हरेक व्यक्ति पर विपरीत प्रभाव डालने वाला रिवाज जो बन गया है। राजनीति, नौकरशाही में के अनगिनत उदाहरण हैं लेकिन न्यायपालिका, मीडिया, सेना, पुलिस भी अछूती नहीं है। विडंबना, मजबूरी या जो भी कुछ कहें, पूरी तरह गैर कानूनी होने के बाद भी रोजाना के चलन में बेखौफ जारी है। शायद ही कोई ऐसा हो जो इससे न गुजरा हो? भारतीय इतिहास में दूसरी बार एक मुख्यमंत्री ने सीधे अपने मंत्री पर कार्रवाई की। इससे पहले साल 2015 में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी अपने एक मंत्री को भ्रष्टाचार के आरोपों में हटा चुके हैं उन्होंने खाद्य आपूर्ति मंत्री आसिम अहमद खान को बरखास्त कर सीबीआई जाँच तक करवा दी। उन पर 6 लाख रुपयों की घूस का आरोप था। अपनी जीरो टॉलरेन्स पार्टी का हवाला देकर सितम्बर 2016 में भी केजरीवाल ने महिला एवँ बाल विकास मंत्री संदीप कुमार को एक कथित आपत्तिजनक सीडी उजागर होने के बाद बरखास्त किया था। भ्रष्टाचार विरोधी प्रहरी यानी एंटी करप्शन वॉचडॉग की रिपोर्ट-2021 में भारत दुनिया में 180 भ्रष्टों की सूची में जरूर 86 से खिसक 85 पर आ गया और 40 अंकों के साथ 85वां स्थान मिला। कहने की जरूरत नहीं कि माजरा क्या है। काश पूरे देश में भ्रष्टाचार की कमर तोड़ने की बातें सिर्फ भाषणों और किताबों में नैतिकता के रूप में बताई और दिखाई न जाकर धरातल पर उतरतीं! इन्हीं डॉ. विजय सिंगला ने 23 मार्च को कहा था कि वे भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे और करप्शन पर जीरो टॉलरेंस का दावा भी ठोंका। लेकिन ठीक 62 दिन बाद 24 मई को भ्रष्टाचार के मामले में धर लिए गए। तमाम आँकड़ों और सबूतों के बावजूद हर साँस में भ्रष्टाचार की बदबू को स्वीकारने की मजबूरी रिवाज सा बन गई है। ऊँचे पदों पर बैठे लोगों से लेकर दरवाजे पर बैठा चपरासी तक कहीं न कहीं इस कड़ी का हिस्सा होता है।

DELHI CRIME 27 may 2022:Layout 1 5/26/2022 7:16 PM Page 3



# गृह मंत्री ने जीटी रोड पर गलत लेन में चलने वाले भारी वाहनों के खिलाफ दिए कार्रवाई के निर्देश

**मंत्री अनिल विज ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर कई भारी वाहन पकड़े**



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर अपनी निर्धारित लेन को छोड़ गलत लेन पर चलने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अंबाला में हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज स्वयं जीटी रोड पर उतरे। उन्होंने कई भारी वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। गुरुवार को हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने अम्बाला में मोहड़ा के पास जीटी रोड पर एसपी और ट्रैफिक पुलिस के साथ गलत लेन पर चलने वाले भारी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गलत लेन पर चलने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए। विज ने कहा कि एक सर्वे में पाया गया है कि हाईवे पर अधिकतर हादसे गलत लेन पर चलने वाले भारी वाहनों की वजह से होते हैं, इसी वजह से आज इनके खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया है। मंत्री विज ने जीटी रोड पर करीब दो घंटे खड़े होकर गलत लेन पर चलने वाले भारी वाहनों को रुकवाया और उनके चालान करने के आदेश दिए। गृह मंत्री ने कहा कि हरियाणा में प्रत्येक वर्ष लगभग दस हजार सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, लगभग पांच हजार लोगों की सड़क हादसे में मौत होती है व नौ हजार के लगभग लोग हादसों में जख्मी होते हैं और यह केवल यातायात नियमों की पालना नहीं करने पर होता है। विज ने कहा कि एक सर्वे में हमने पाया कि अधिकतर दुर्घटनाएं इसलिए हो रही है कि भारी वाहन अपनी लेन छोड़कर दूसरी लेन पर चल रही है। इसलिए आज ट्रक व अन्य भारी वाहनों पर कार्रवाई की गई है। हमने देखा कि तीन तीन-चार ट्रक एक ही लेन में आगे बढ़ रहे हैं, ट्रक पूरी सड़क को कवर करके चल रहे हैं जोकि दुर्घटना का कारण बन रहे हैं यह हमने अपनी आंखों से देखा। विज ने कहा कि ऐसे वाहन चालकों के चालान करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर अम्बाला के एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा सहित पुलिस टीमें मौजूद रही।

## भाजपा द्वारा जिलाभर में उत्साहपूर्वक चलाया गया महाजनसम्पर्क अभियान

**-नेताओं ने लोगों को भाजपा सरकार की 8 साल की उपलब्धियों और योजनाओं के बारे में दी जानकारी**



**फतेहाबाद, (हि.स.)।** हाई कमान के निर्देशानुसार भाजपा सरकार के कार्यकाल के 8 साल सफलतापूर्वक पूरे होने के उपलक्ष्य में वीरवार को जिलेभर में कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष स. बलदेव सिंह ग्रोहा के नेतृत्व में महाजनसम्पर्क अभियान को अपने-अपने बूथों पर उत्साहपूर्वक चलाया। भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने आम नागरिकों से सम्पर्क कर पार्टी की नीतियों व योजनाओं का प्रचार किया। टोहाना में हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला के नेतृत्व में तथा रतिया में भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। भाजपा नेताओं ने पार्टी हाईकमान द्वारा भेजे गए पत्रक भी नागरिकों को वितरित किए, जिसमें भाजपा सरकार की 8 साल की उपलब्धियां व योजनाओं के बारे में बताया गया है। टोहाना में वार्ड नंबर 14, बूथ नंबर 77 व 95 में डोर टू डोर सम्पर्क के दौरान नागरिकों ने चेयरमैन सुभाष बराला व भाजपा कार्यकताओं का स्वागत किया। चेयरमैन सुभाष बराला ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश पूरे विश्व में विख्यात हुआ है। भारत देश की शक्तियों में बढ़ोतरी हुई है।

आतंकवाद कम हुआ है। देश में ऐतिहासिक फैसले लागू कर विकास की नई दिशा दिलाई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की तर्ज पर हरियाणा प्रदेश में भी ईमानदार भाजपा सरकार ने अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कर प्रदेश को उन्नति की ओर अग्रसर किया है। उन्होंने लोगों को भारतीय जनता पार्टी परिवार का सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र गर्ग बंटू, रविन्द्र मैहता, संजय रेवड़ी, सन्नी मैहता, गणेश सैनी, जगमेल कटारिया, बलदेव सैनी, रमन मडिया आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।रतिया में जनसम्पर्क अभियान के दौरान बलदेव सिंह ग्रोहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश की सत्ता सम्भालते हुए 26 मई को 8 साल पूरे हो गए हैं। इन 8 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने नेतृत्व क्षमता का लोहा केवल देश में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में मनवाया है।

## रोहतक के पहरावर गांव की जमीन का मुद्दा अब लेने लगा राजनीतिक रंग

**भिवानी, (हि.स.)।** रोहतक के पहरावर गांव की जमीन ब्राह्मण समाज को दिए जाने का मुद्दा अब प्रदेश भर में राजनीतिक रंग लेने लगा है। रोहतक के सांसद डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा पहरावर गांव की जमीन गौड़ ब्राह्मण संस्था के नाम हस्तांतरण करने का मुद्दा उठाए जाने के बाद प्रदेश भर का ब्राह्मण समाज लामबद्ध होने लगा है। इसी को लेकर गुरुवार को भिवानी के एक दर्जन से अधिक ब्राह्मण संगठनों ने एकत्रित होकर पूर्व मंत्री डा .वासुदेव शर्मा की अगुवाई में भिवानी में पहरावर गांव जमीन बगैर किसी शर्त के गौड ब्राह्मण शिक्षण संस्था के नाम किए जाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यदि 21 जून तक सरकार ने ब्राह्मण समाज की मांग को नहीं माना तो प्रदेश के हर जिले में समाज के लोग सडकों पर उतरकर सरकार के खिलाफ संघर्ष करेंगे। इस मौके पर पूर्व मंत्री डा.वासुदेव शर्मा व आदर्श ब्राह्मण सभा के प्रधान आरके शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि भूपेन्द्र सिंह हुड्डा परिवार को रोहतक व सोनीपत में पटकनी देने वाले ब्राह्मण नेता डा.अरविंद शर्मा ने भाजपा को इस क्षेत्र में जीत दिलाने का कार्य किया। अब यहीं के एक पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर बेवजह की बयानबाजी कर ब्राह्मणों का विरोध मोल ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला पूर्णतया मुख्यमंत्री के संज्ञान में है तथा उन्हें जल्द ही इस पर निर्णय लेकर गांव पहरावर की जमीन गौड ब्राह्मण शिक्षण संस्था के नाम करनी चाहिए।

## हरियाणा पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मोस्टवांटेड दबोचे

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा पुलिस ने आपराधिक तत्वों के खिलाफ जारी अभियान में तीन इनामी और मोस्ट-वांटेड अपराधियों को जिला सोनीपत से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों अपराधी उत्तर प्रदेश, दिल्ली व हरियाणा पुलिस के मोस्ट वांटेड हैं। हरियाणा पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि पुलिस ने इनके कब्जे से एक अवैध देसी पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। इन आरोपितों की पहचान उत्तर प्रदेश के मेरठ जिला निवासी अतुल उर्फ मोटा व सनी काकरान और सुल्तानपुरी दिल्ली के नसरुद्दीन उर्फ नसरू के रूप में हुई है। तीनों बदमाशों की हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश पुलिस को हत्या, हत्या के प्रयास, लूट व अन्य सहित करीब तीन दर्जन आपराधिक मामलों में तलाश थी। पुलिस ने बताया कि आरोपितों में से अतुल और सनी काकरान पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक-एक लाख रुपये और हरियाणा पुलिस ने बीस-बीस हजार रुपये का इनाम घोषित है। इसके अलावा नसरुद्दीन दिल्ली में एक डबल मर्डर केस में वांटेड है। इस संबंध में डीजीपी हरियाणा प्रशांत कुमार अग्रवाल ने बताया कि तीनों बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम ने सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अपराध पर प्रहार से न केवल असामाजिक तत्वों का मनोबल टूटता है बल्कि नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने में भी मदद मिलती है।

## डीसी हावड़ा जीआरपी थाना के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



**रौशन मिश्रा।** हावड़ा, प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हावड़ा जीआरपी थाना के तरफ से हाइट मेंशन बिल्डिंग में रक्तदान शिविर उत्सर्ग का आयोजन किया गया। जिसमें 50 लोगों ने रक्तदान किया। हावड़ा जीआरपी के आईसी सिद्धार्थ राय ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है।इसमें रेलवे के स्टाफ बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और रक्तदान कर लोगों की जान बचाते हैं। मुख्य अतिथि के तौर पर एसआरपी पंकज कुमार द्विवेदी, डीएसआरपी नारायण मंडल उपस्थित थे। इस रक्तदान शिविर उत्सर्ग में हावड़ा जीआरपी थाना के सभी कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## आमस में एनएच दो किनारे मिला अज्ञात युवक का शव, साक्ष्य छुपाने के लिए रोड किनारे हत्या कर फेंका



**निरंजन कुमार यादव गया**/आमस जिले के आमस थाना क्षेत्र में अज्ञात शव पाए जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस अब तक इस अनसुलझे रहस्य को सुलझा पाने में कामयाब नहीं हो पाई है। किसी भी शव की शिनाख्त तक नहीं हो पाई है।हत्या के कारणों को लेकर भी पुलिस अभी अंधेरे में ही है। अज्ञात शव ने इतना तो साफ कर दिया है कि हत्या कहीं और हो रही है और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शवों को जिले के आमस थाना क्षेत्र में फेंका जा रहा है। अब थाना क्षेत्र के सिमरी गांव के पास एक पुल के नीचे मिली लाश ने लोगो की परेशानी को बढा दिया है। पुलिस की ओर से सुरक्षा को लेकर दावे तो किए जा रहे हैं। लेकिन शवों को कौन फेंक रहा है इसके बारे में जानकारी नहीं मिल रही है। अगर हत्या कहीं और हो रही है तो फिर शव को लेकर आने वाले वाहनों की जांच न हो पाना भी सवाल खड़े करता है। हालांकि पुलिस का दावा है कि शवों की शिनाख्त और हत्या का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। आमस थाना क्षेत्र के सिमरी गांव के समीप एनएच 2 किनारे अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया उसकी उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। युवक का शव पुल के नीचे मिलने से इलाके में सनसनी फैली हुई है।शव को पुल के नीचे फेंके देख ग्रामीणों ने तत्काल क्षेत्रीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक कहां का है और इस प्रकार मृतक अवस्था में यहां तक कैसे पहुंचा।थाना प्रभारी अरविंद किशोर ने बताया की एक अज्ञात युवक का शव सिमरी गांव के पास एक पुल के नीचे बरामद हुआ है पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिवत कार्रवाई की जा रही है। पिछले दिनों आमस थाना क्षेत्र के देल्हो रोड में सड़क किनारे अज्ञात युवक का शव मिला था उसकी हत्या की आशंका जताई गई थी हालांकि उसकी भी सिनाख्त नहीं हो पाई थी। लगातार पाए जाने वाले इन अज्ञात शवों को देख कर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्यारों ने आमस थाना क्षेत्र को शवों को ठिकाने लगाने का सुरक्षित क्षेत्र समझ रखा है। अपराधी लगातार हत्या कर शव फेंक रहे हैं और उसकी शिनाख्त नहीं हो पा रही है। अब देखना यह है कि आमस थाना क्षेत्र के सिमरी गांव स्थित पुल के नीचे मिले इस मृतक युवक की शिनाख्त पुलिस कर पाती है या नहीं।

## बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पेयजल की समस्या को लेकर निरक्षण करने पहुंचे विधायक



**इंद्रमणि मंडल।** लंबे समय से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बोरियाकला में लोगों को साफ सफाई एवं पानी को लेकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसे देखते हुए दिल्ली क्राइम नेशनल न्यूज पेपर की कड़ी मेहनत के बाद 48 घंटे के भीतर विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं समस्त अधिकारीगण बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सभी समस्याओं का निराकरण करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति अभी इस कॉलोनी में नगर निगम की और से रह रहे थे सभी निवासियों के लिए इस एरिया की साफ सफाई एवं पानी की समस्या को दूर कर दिया जाएगा तथा जो भी व्यक्ति यहां पर रह रहे हैं, वहां इस घर को 3,20,000 में ले सकता है बैंक से फाइनेंस करके भी ले सकता है , एवं जो भी पानी की समस्या हो रही थी उसका भी निराकरण करने के लिए पीने का पानी का सैंपल लिया गया, ताकि आम जनता को पीने के पानी से बीमारी ना फैले। साफ सफाई के लिए जोन कमिश्नर को भी सख्ती बरतते हुए विधायक ने कहा कि विगत 2 वर्षों से बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एलआईजी ब्लॉक में साफ सफाई ना होने के कारण कई लोग बीमारी से ग्रस्त हो गए थे और 10 से 15 परिवार यहां से पलायन कर चुके हैं एवं आप इस एरिया को जल्द से जल्द साफ सफाई करने का व्यवस्था करें, जो भी नालिया जाम हो चुकी है उसका भी तुरंत सफाई करवाइए।

इस अवसर पर लोगों ने दिल्ली क्राइम नेशनल न्यूज पेपर की प्रशंसा करते हुए, दिल्ली क्राइम प्रेस टीम लीडर ओमपाल वर्मा को धन्यवाद देते हुए यह कहा कि आपकी टीम का जितना भी प्रशंसा करें कम है, जो काम पिछले 2 सालों में किसी ने नहीं किया वही काम दिल्ली क्राइम नेशनल न्यूज की पूरी टीम ने 48 घंटे के भीतर हमारे यहां की पानी एवं साफ सफाई की समस्या का समाधान करवा दिए। वहीं विधायक सत्यनारायण शर्मा ने दिल्ली क्राइम नेशनल न्यूज के टीम लीडर श्रीमान ओमपाल वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए यह कहा कि पिछले 2 वर्षों से इस एरिया की जानकारी हम तक किसी ने नहीं पहुंचाई ना ही हम इस विषय में कुछ जानते थे आपकी और आपके पूरे टीम को धन्यवाद देता हूं कि मुझे इस समस्या के बारे में अवगत करवाया।

## बढ़ते अपराध को लेकर व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**यमुनानगर, 2(हि.स.)।** उद्योग व्यापार मण्डल हरियाणा की शाखा यमुनानगर के द्वारा गुरुवार को जिलाध्यक्ष दीपक कपूर की अध्यक्षता में व्यापारियों की जानमाल की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र मित्तल ने बताया कि जिले में पिछले कुछ दिनों में गुण्डागर्दी, स्नैचिंग व लूटपाट के घटनाओं मे बढोतरी हुई है। जिससे आमजन व व्यापारी वर्ग में भय व रोष है। उन्होंने कहा कि मार्च के महीने में यमुनानगर के निरंकारी ज्वैलर के व्यापारी विनोद कुमार की दुकान पर बन्दूक की नोक पर लूटपाट की गई एव व्यापारी पर गोली भी चलाई गई। जिसमे व्यापारी गम्भीर रूप से घायल हुआ। और अभी तक आरोपी पकडे नही गये। मार्च मे ही अमादलपुर रोड पर हुई प्लाईवुड व्यापारी के कर्मचारी के साथ बन्दूक की नोट पर डकैती की घटना हुई ।

उन्होंने कहा कि 17 मई को व्यापारी के ड्राईवर से लूटपाट कर ड्राईवर की गोली मार कर हत्या भी कर दी और 50 लाख रुपये लूट लिये । फिर मंगलवार को भी एक व्यापारी गणपति ट्रैडर्स के दुकान पर गोली चलाने की घटना हुई। महिलाओं से भी चेन स्नैचिंग व मोबाईल झपट की घटनाऐ बढती जा रही है। उन्होंने कहा कि उद्योग व्यापार मण्डल हरियाणा इन अपराधिक घटनाओ का विरोध करता है और व्यापारियों को सुरक्षा देने की मांग करता है। उन्होंने व्यापारी पर लूटपाट करने वाले व गोली मारने वाले आरोपियों को शीघ्र पकडने और पीडित परिवारों के सदस्य को सरकारी नौकरी देने व मुआवजा की भी मांग की। भविष्य में ऐसी घटना ना हो उसके लिये व्यापारियों को सुरक्षा दी जाये। जिससे व्यापारी वर्ग बिना भय के व्यापार करें। व्यापारियों को सुरक्षा के लिये बन्दूक के लाईसैन्स भी जारी करने की मांग भी की।

## हमारी सरकार बनी तो दादुपुर-नल्वी नहर चालू करेंगे: कम्बोज



**यमुनानगर, (हि.स.)।** दादूपुर- नल्वी के मुद्दे को लेकर गुरुवार को आम आदमी पार्टी जिला यमुनानगर के किसान सेल ने एक प्रेस वार्ता की। जिसमें राष्ट्रीय परिषद सदस्य नरेश लाल कम्बोज बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। नरेश लाल कम्बोज ने बताया कि जिला यमुनानगर से शुरू दादूपुर-नल्वी नहर जो तीन जिलों को जिला यमुनानगर जिला अंबाला और जिला कुरुक्षेत्र को जोड़ती है। बीजेपी ने उसको बंद करने का काम किया है। जबकि दादूपुर- नलवी नहर तीनों जिलों की लाइफ लाइन के बारे में जानी जाती थी। उन्होंने कहा कि दादूपुर-नल्वी नहर को लेकर जिला यमुनानगर में किसान अनाज मंडी गेट जगाधरी पर 2 साल तक धरने पर बैठे रहे। उस समय धरना स्थल पर दुष्यंत चौटाला भी पहुंचे थे। उन्होने किसानों के साथ गिरफ्तारी दी थी और किसानों को आश्वासन दिया था कि जब हम सत्ता में आएंगे तो इस नहर को चालू करेंगे। किसानों को उचित मुआवजा भी देंगे। उन्होंने कहा कि जेजेपी और बीजेपी ने मिलकर इस नहर को बंद करवा दिया। जबकि इस नहर से प्रभावित किसान हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से भी जीत चुके हैं। उसके बावजूद भी किसानों को मुआवजा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने एक नया कानून 101-ए के तहत नया कानून बनाकर इस नहर को डिनोटिफाई कर दिया। जबकी इस नहर से पीड़ित किसानों पर 101-ए कानून लागू नहीं होता। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दादू पुर-नल्वी नहर के मुद्दे पर किसानों के साथ शुरू से खड़ी है और खड़ी रहेगी। अगर आम आदमी पार्टी की सरकार हरियाणा में बनती है तो इस नहर को दोबारा चालू करवाएंगे। जिन किसानों की जमीन इस नहर को बनाने में आई हैं उनको न्यायालय द्वारा उचित मुआवजा भी दिया जाएगा।

## विद्यालय स्तरीय समारोह में वितरित किए जाएंगे व्यवसायिक टूल किट

**भिवानी, (हि.स.)।** प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में व्यवसायिक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पूरे प्रदेश में एनएसक्यूएफ के तहत जिन विद्यालयों में व्यवसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम चल रहे हैं, उन विद्यालयों में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा छात्रों को व्यवसायिक टूल किटों का वितरण किया जाएगा। इस दिशा में भिवानी जिले में विभाग द्वारा ब्यूटी एंड वैलनेस की 940, हेल्थ केयर की 400, आटोमोटिव की 551, एग्रीकल्चर की 283 व अपैरल की 293 टूल किट भेजी गई है। टूल किटों के माध्यम से छात्रों में विभिन्न कौशलों को विकसित किया जाएगा तथा छात्र पढ़ाई के साथ कमाई अभियान के तहत इन टूल किटो को अपने घर भी ले जा सकते हैं तथा पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार शुरू करके कमाई भी कर सकते हैं। विभिन्न कौशल आधारित ये टूल किट सत्र 2022-23 मे कक्षा 10वीं व 12वीं में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं में वितरित की जाएंगी। विभाग द्वारा इन टूलकिट को जिला स्तर, खंड स्तर व स्कूली स्तर पर वितरित करने के लिए 27 मई को कार्यक्रम रखा गया है। जिले के अन्य स्कूलों में भी वहां के लोकल प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा छात्रों को टूल किट वितरित किए जाएंगे। सहायक जिला परियोजना संयोजक कर्मवीर सिंह ने बताया की टूल किट वितरण कार्यक्रम के तहत जिले के 41 विद्यालयों में जहां एनएसक्यू एफ के तहत विभिन्न कौशलों के अंतर्गत व्यवसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम चल रहे हैं, वहां पर टूल किटो का वितरण किया जाएगा। इसके लिए सभी 2467 टूल किट संबंधित विद्यालयों में पहुंचा दी गई हैं।



**जनपद मुजफ्फरनगर के भोपा रोड निकट स्थित हिंदुस्तान कार मोटर्स के कर्मी गौतम सैनी व नजदीकी शॉप के संचालक राजेंद्र कुमार धीमान , अभय राम , कृष्ण गोपाल व विशू को दिल्ली जर्नलिज्म एंड इन्वेस्टिगेशन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा चलाए जा रहे पार्ट टाइम रोजगार व दिल्ली क्राइम समाचार पत्र के विषय में अवगत कराते हुए रिपोर्टर निखिल सैनी**



**दिल्ली क्राइम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा प्रेस के एरिया एडवाइजर गोरखपुर जिले के दिलेजाकपुर निवासी अजय कुमार गुप्ता को लीडर राजकुमार व विरेन्द्र सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया।**



**दिल्ली क्राइम प्रेस टीम गुजरात साबरकांठा तलोद में दिल्ली क्राइम प्रेस का प्रचार प्रसार करते हुए दिल्ली क्राइम प्रेस के एरिया एडवाइजर जितुभा राठोड़ व अन्य**

# आईएमएफ की उप प्रबंध निदेशक ने कहा- 2024 तक पटरी पर लौटेंगी विकसित देशों की अर्थव्यवस्था




**दावोस, (हि.स.)।** कोरोना महामारी से प्रभावित दुनियाभर की अर्थव्यवस्था फिर से पटरी पर आ सकती है। विशेषकर वर्ष 2024 तक विकसित देशों के हालात सुधर सकते हैं। यह दावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने किया है। हालांकि विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था उम्मीद से पांच फीसदी कमतर रह सकती है। कोरोना महामारी के कारण दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाएं बुरी तरह प्रभावित होने के बाद अब धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। विश्व आर्थिक मंच की सालाना बैठक-2022 में 'वैश्विक वृद्धि के लिए अगले कदम' विषय पर आयोजित विशेष सत्र में गीता गोपीनाथ ने कहा कि वैश्विक पुनरुद्धार को यूक्रेन में युद्ध के कारण बड़ा झटका लगा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक विकास दर में गंभीर गिरावट से दुनिया को लगातार विपरीत हालात से जूझना पड़ रहा है। इससे लोगों के समक्ष जीवन-यापन समस्याएं प्रमुख हैं। वर्तमान में ईंधन और भोजन समेत जिंसों की कीमतें दुनियाभर में बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक उच्च मुद्रास्फीति की समस्या से निपटने का प्रयास कर रहे हैं और इसके लिए उन्हें ब्याज दरों में तेजी से बढ़ोतरी करनी पड़ रही है, जिसका वैश्विक वित्त और व्यापार पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। गीता गोपीनाथ ने कहा कि दुनियाभर में अर्थव्यवस्था के फिर से पटरी पर लौटने की प्रक्रिया भी अलग-अलग है। उन्होंने कहा कि मेरे अनुमान के मुताबिक विकसित अर्थव्यवस्थाएं 2024 में वहीं पहुंच जाएंगी जहां उन्हें महामारी नहीं होने की स्थिति में होना चाहिए था, लेकिन उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को अपने अनुमानित लक्ष्य से पांच फीसदी पीछे रहने का अनुमान है।

# इमरान खान को इस्लामाबाद में रैली करने की सुप्रीम कोर्ट ने दी इजाजत, गिरफ्तारी पर लगाई रोक



**इस्लामाबाद, (हि.स.)।** सत्ता से हटने के बाद सड़कों पर उतरे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की इस्लामाबाद रैली को सुप्रीम कोर्ट ने हरी झंडी देने के साथ गिरफ्तारी पर भी रोक लगा दी है। यह इमरान खान के लिए सरकार द्वारा लगाई रोक के बाद बड़ी राहत है। इमरान खान ने बुधवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ इस्लामाबाद की ओर मार्च किया। इस मार्च को रोकने के लिए प्रशासन की ओर से जगह-जगह लगाए गए बैरिकेड्स को समर्थक हटाते नजर आए। न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने आदेश दिया कि राष्ट्रीय राजधानी यानी इस्लामाबाद में जी-9 और एच-9 सेक्टरों के बीच का मैदान इमरान खान की रैली के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इस पीठ में न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर और न्यायमूर्ति सैय्यद मजहर अली अकबर नकवी भी शामिल हैं। इस्लामाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद शोएब शाहीन की ओर से मंगलवार को दायर याचिका पर निर्देश जारी करते हुए शीर्ष अदालत ने सरकार और पीटीआई की एक द्विदलीय समिति को शांतिपूर्ण तरीके से रैली आयोजित करने के लिए नियम और शर्तें तय करने का आदेश दिया। अदालत ने अधिकारियों को बल प्रयोग नहीं करने और पीटीआई नेताओं और कार्यकताओं के घरों और कार्यालयों पर छापेमारी या गिरफ्तारी नहीं करने का भी निर्देश दिया। पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से शहबाज शरीफ की सरकार को बड़ा झटका लगा है। इस आदेश ने इमरान खान के 'आजादी मार्च' को विफल करने के प्रशासन की कवायद पर पानी फेर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक अब तक इमरान की पार्टी के एक हजार से अधिक कार्यकताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। इमरान खान का कहना है कि वह नए चुनावों की घोषणा होने तक इस्लामाबाद पहुंचकर धरना जारी रखेंगे।

# टेक्सास फायरिंग में 22 मौतों के दूसरे दिन स्कूल के बाहर राइफल के साथ छात्र गिरफ्तार




**टेक्सास (ईएमएस)।** अमेरिका के टेक्सास के स्कूल में फायरिंग में हुई मौत के सदमे से लोग बाहर ही नहीं आए थे कि एक छात्र स्कूल के बाहर हथियार के साथ पकड़ा गया। एक दिन पहले उवाल्डे के एक स्कूल में शूटिंग में 19 छात्रों और 3 शिक्षकों समेत 22 लोगों की मौत हो गई थी। मीडिया में बुधवार को इस घटना का खुलासा हुआ। बुधवार को ही पुलिस ने टेक्सास के रिचर्डसन हाई स्कूल की ओर जा रहे एक संदिग्ध को राइफल के साथ गिरफ्तार किया। रिचर्डसन पुलिस विभाग ने कहा, 25 मई 2022 को, सुबह 10:55 बजे रिचर्डसन पुलिस विभाग को ईस्ट स्प्रिंग वैली रोड के 1500 ब्लॉक से एक फोन आया। इसमें एक छात्र के हाथ में राइफल देखे जाने की सूचना दी गई थी। उसे 1600 ईस्ट स्प्रिंग वैली रोड पर स्थित बर्कनर हाई स्कूल की ओर जाते देखा गया था। बताया गया है कि कॉल भेजे जाने के कुछ ही मिनटों के भीतर, रिचर्डसन पुलिस विभाग के कई पुलिस अधिकारियों ने बर्कनर हाई स्कूल को रिस्पॉन्स दिया। बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। संदिग्ध बर्कनर हाई स्कूल के अंदर था, लेकिन उसके पास से कोई हथियार नहीं मिला। पुलिस की टीम ने स्कूल की पार्किंग में संदिग्ध की गाड़ी की तलाशी ली। यहां एके-47 शैली की पिस्तौल और एक एआर-15 शैली ओरबीज राइफल मिली। पुलिस ने कहा कि किशोर संदिग्ध को स्कूल में गैरकानूनी हथियार ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। नाबालिग होने के कारण संदिग्ध के बारे में डिटेल जानकारी जारी नहीं की जा रही है।

# नासा के 'भरोसेमंद' हबल टेलिस्कोप ने खींची व्हर्लपूल गैलेक्सी की आकर्षक तस्वीर, लोगों ने तारीफ



**वाशिंगटन (ईएमएस)।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के हबल स्पेस टेलिस्कोप ने अपने 30 साल के करियर में कई दिलचस्प घटनाओं की तस्वीरें खींची हैं। हबल के कैमरे में ब्रह्मांड के कुछ सबसे आश्चर्यजनक नजारे कैद हुए हैं जिसने अंतरिक्ष में लोगों की रुचि को बढ़ाया है। ऐसी ही एक और अद्भुत तस्वीर को नासा ने शेयर किया है, जो हबल के कैमरे में कैद हुई है। नासा ने ट्विटर पर गैलेक्सी एम51 की एक शानदार तस्वीर शेयर की है, जिसे व्हर्लपूल गैलेक्सी भी कहा जाता है। नासा ने कैप्शन में लिखा, हम गोल-गोल घूमते हैं, अपने आप को व्हर्लपूल गैलेक्सी के भंवर, गुलाबी तारों और नीले तारों के क्लस्टरों में खो जाने दें। इस 'हिप्नोटिक स्पाइरल गैलेक्सी' को हबल के एडवांस्ड कैमरा फॉर सर्वे ने विजिबल लाइट में कैद किया है। शेयर किए जाने के बाद से नासा के ट्वीट को 10,000 से अधिक लाइक्स और सैकड़ों कमेंट्स मिल चुके हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने इस तस्वीर को देखकर आश्चर्य प्रकट किया है। एक यूजर ने लिखा काश कोई एआई होता। जो तस्वीरों को समझा पाता और इसे संगीत में बदल देता। मुझे यह सुनना बेहद अच्छा लगेगा कि यह तस्वीर कैसी लग रही है। एक दूसरे यूजर ने लिखा यह बहुत सुंदर दिख रही है। एक तीसरे ने लिखा, क्या खूबसूरती है, मैं अपनी नजरें नहीं हटा सकता। स्पेस एजेंसी ने बताया कि गैलेक्सी एम51 की सुंदर, घुमावदार भुजाएं वास्तव में तारों और धूल से भरी गैस की लंबी गलियां हैं। हबल टेलीस्कोप पिछले 30 साल से अंतरिक्ष और समय का डेटा इकट्ठा कर रहा है। इसका इस्तेमाल वैज्ञानिक ब्रह्मांड के विकास दर का पता लगाने के लिए कर सकते हैं, क्योंकि लगातार अंतरिक्ष बढ़ रहा है। नासा ने कहा कि उनके पास पहले की अपेक्षा अब और अधिक सटीकता है। खगोलविदों के मुताबिक अंतरिक्ष के फैलने की रफ्तार 67.5 किलोमीटर प्रति सेकंड प्रति मेगापार्सेक होनी चाहिए, लेकिन डेटा के अवलोकन से पता चलता है कि यह 73 किलोमीटर प्रति सेकंड प्रति मेगापार्सेक है।

# काबुल में मजार-ए-शरीफ के पास लगातार चार धमाके, 16 की मौत, 22 घायल



**काबुल (ईएमएस)।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बुधवार देर शाम एक बाद एक चार धमाके हुए। एक मस्जिद और उत्तरी शहर मजार-ए-शरीफ में यात्री वैन में तीन धमाके हुए। तालिबान के एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर जानकारी दी कि मस्जिद के पल्पिट में विस्फोट रखे गए थे, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हुई है। उत्तरी बल्ख प्रांत में यात्री वैन में हुए तीन विस्फोटों में कम से कम नौ लोगों की मौत हुई है और 15 घायल हुए हैं। बल्ख प्रांत के पुलिस प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजेरी ने रॉयटर को बताया शिया समुदाय को टारगेट करके हमला किया गया जो अफगानिस्तान में अल्पसंख्यक हैं। काबुल के एक व्यक्ति का कहना है कि हम यहीं पास में थे तभी बहुत जोर से धमाके की आवाज आई। आवाज इतनी जबरदस्त थी कि हम सब होश खो बैठे। ये धमाका जरकारिया मस्जिद में नमाज के बाद हुआ। लेकिन बहुत लोग मस्जिद के अंदर थे जब हम वहां पहुंचे तो हमने जमीन पर लाशें और कई लोगों को घायल अवस्था में पाया। इसके पहले 21 अप्रैल को मजार-ए-शरीफ की मस्जिद में धमाका हुआ था। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 65 लोग घायल हो गए थे। इस हमले की जिम्मेदारी आईएसआईएस ने ली थी, जो एक इस्लामिक आतंकी संगठन है। इसी दिन मजार-ए-शरीफ के कुदुंज प्रांत के सरदारवर इलाके में भी धमाका हुआ था, जिसमें 4 लोगों की मौत और 18 लोग घायल हुए थे। 19 अप्रैल को काबुल के अब्दुल रहीम शाहिद हाई स्कूल में धमाके हुए थे, जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई थी जबकि दर्जन भर से अधिक घायल हो गए थे। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद लगातार आतंकी घटना बढ़ गई हैं। लगातार हो रहे धमाके ने तालिबान की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिया है। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली है, जिसका टारगेट शिया समुदाय रहता है जो अफगानिस्तान में अल्पसंख्यक है।

# अफ्रीकी देश सेनेगल में अस्पताल में आग लगने से 11 नवजात की मौत

**तिवाउने (ईएमएस)।** पश्चिम अफ्रीकी देश सेनेगल के तिवाउने में एक अस्पताल में आग लगने से 11 नवजात शिशुओं की मौत हो गई। यहां की एक समाचार एजेंसी ने सेनेगल के राष्ट्रपति मैकी सैल के हवाले से ये जानकारी दी है। राष्ट्रपति मैकी सैल के हवाले से कहा गया कि मैंने अभी-अभी एक बेहद दुखद और निराशाजनक खबर सुनी। तिवाउने के एक सार्वजनिक अस्पताल में नवजात विभाग में आग लगने से 11 नवजात शिशुओं की मौत हो गई है। ये हादसा देर रात हुआ। मैं मासूमों की माताओं और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

सेनेगल के राजनेता डीओप सी के अनुसार, यह त्रासदी तिवाउने के परिवहन केंद्र में मामे अब्दौ अजीज सी दबाख अस्पताल में हुई थी। आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। प्रशासन का कहना है कि वह आग लगने की वजहों की जांच कर रही है। प्रशासन यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि आखिर आग कहां से उठी। सेनेगल के इतिहास में यह अबतक की सबसे बड़ी आग लगने की घटना में से एक है। पिछले साल भी सेनेगल में एक अस्पताल के नियोनेटल वार्ड में आग लग गई थी, जिसमे 4 बच्चों की मौत हो गई थी।

# ड्रैगन की उइगरों पर अत्याचार की इंतिहा, कुरान छीन लेते हैं, भागने वालों को मार देते हैं गोली, दस्तावेज लीक



**बीजिंग (ईएमएस)।** चीन में उइगर मुस्लिमों पर अत्याचार की इंतिहा हो गई है यहां के शिंजियांग प्रांत में रहने वाले इस समुदाय को के लोगों पर चीन के अत्याचार से जुड़े दस्तावेज लीक हुए है। इन लीक दस्तावेज ने पूरी दुनिया हतप्रभ रह गई है। इन दस्तावेजों में हजारों लोगों की तस्वीरें है, जिन्हें जबरन कैद किया गया है। इन लोगों पर किस तरह की हिंसा हो रही है और उन्हें किस तरह कैद किया गया है इसे देख दुनिया हैरान है। चीन पर रिसर्च करने वाले शोधकर्ता एड्रियन जेन्ज ने इन फाइलों को ऑनलाइन अपलोड किया है। इन दस्तावेजों से पता चला है कि चीन मुस्लिमों से कुरान समेत सभी धार्मिक चीजें जब्त कर रहा है। एड्रियन ने कहा कि चीन ने लगभग 10 लाख से ज्यादा उइगर मुस्लिमों और अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यकों को डिटेंशन सेंटर और जेलों में कैद कर रखा है। वहीं, चीन इसे ट्रेनिंग सेंटर कहता है। इन फाइलों में शिनजियांग में कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व सचिव चेन क्वांगुओ का 2017 का एक भाषण शामिल है, जिसमें कथित तौर पर उन्होंने इन डिटेंशन सेंटर से भागने की कोशिश करने वालों पर गोली चलाने का आदेश दिया था। वहीं चीन के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री झाओ केझी का 2018 का एक आंतरिक भाषण भी इसमें शामिल है, जिसमें इस बात का जिक्र किया है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आदेश दिया है कि इन डिटेंशन सेंटरों की क्षमता को बढ़ाया जाए। चीन से जब इन डिटेंशन सेंटर्स की खबरें आई तो शुरूआत में उसने इसे नकार दिया, लेकिन बाद में चीन ने इसके अस्तित्व को माना और दावा किया कि ये वोकेशनल ट्रेनिंग स्कूल हैं, जहां पर धार्मिक कट्टरपंथ को रोकने के लिए शिक्षा दी जाती है। लेकिन अब लीक दस्तावेजों से पता चला है कि किस तरह चीन अल्पसंख्यकों को एक खतरा मानता है। शिनजियांग के बंदियों की 2800 तस्वीरें लीक हुई हैं, जिसमें कई नाबालिग भी हैं। तस्वीरों में दिखता है कि पुलिस अधिकारी डंडों से बेड़ियों में जकड़े कैदियों को रोकते हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्री लिज ट्रस ने लीक दस्तावेजों को चौंका देने वाला बताया। वहीं चीन के विदेश मंत्री ने इन दस्तावेजों को नकार दिया है और कहा कि मीडिया के जरिए चीन विरोधी ताकत झूठ फैला रही हैं।

## आज का इतिहास 27 मई

1897 कॉपी राईट विधेयक पारित हुआ.

1905 जापानियों ने कोरिया के पास समुद्र में रूस के 32 जहाजों के बेड़े को तबाह कर दिया.

1916 प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मन फौजों ने पश्चिमी मोर्चे पर जवाबी कार्यवाही की.

1941 द्वितीय विश्वयुद्ध में फ्रांस के समुद्र में जर्मन युद्धपोत को 2300 व्यक्तियों सहित ब्रिटिश नौसेना ने डुबो दिया.

1964 भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का निधन.

1971 सोवियत संघ ने मिस्त्र के साथ 15 वर्षीय समझौता किया.

1990 अमरीका ने पश्चिमी देशों के विचार विमर्श के बिना यूरोप से अपनी फौजे हटाने से इंकार किया.

1991 कुवैत में विपक्षी नेताओं ने मार्शल ला हटाने की मांग की.

1992 पटियाला आकाशवाणी के इंजीनियर एम.एल.मनचंदा की हत्या.

1994 बीस वर्ष तक निर्वासित जीवन बिताने के बाद एलेक्जेंडर शोल्जेनित्शिन रूस लौटे.

1999 घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई करते समय भारत के दो हवाई जहाज गिरे. एक पायलट को पाकिस्तान के सैनिको ने मार डाला जबकि दूसरे को युद्धबंदी बना लिया गया.

1999 कांग्रेस से निष्कासित शरद पवार, तारिक अनवर व पी.ए.संगमा ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बनाई.

2002 भारत की जवाबी गोलाबारी में 11 पाकिस्तानी सैनिक मरे.

2005 सोनिया गांधी अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पुनः अध्यक्ष चुन ली गई.

# जापान के एक व्यक्ति ने कुत्ते की तरह दिखने के लिए 12 लाख खर्च कर डाले



**टोक्यो (ईएमएस)।** आपको यह जानकर हैरानी होगी कि जापान में एक व्यक्ति ने कुत्ते की तरह दिखने के लिए 12 लाख रुपए खर्च कर दिए हैं। उसने अपनी फोटो ट्वीट की जिसमें उन्होंने बताया कि ये उनके जिंदगी का सपना था। एक इंसान का कुत्ते की तरह होने का वीडियो सामने आने के बाद तो जैसे इंटरनेट पर आग ही लग गई। उन्होंने कोल्ली ब्रीड के कुत्ता का रूप धारण किया। जापानी मीडिया के मुताबिक जेपपेट नाम की एक कंपनी ने कुत्ते के रूप को बनाने में इस शख्स की मदद की है। ये कंपनी फिल्मों और विज्ञापनों के लिए कॉस्ट्यूम बनाती है। कुत्ते की तरह दिखने वाला यह कॉस्ट्यूम 20 लाख येन करीब 12 लाख रुपए का बना है। इसे बनाने में लगभग 40 दिन लगे हैं। टोको का कहना है कि मैंने इसलिए एक कोल्ली को चुना क्योंकि जब मैं इस पहनता हूं तो मेरी हरकतों से ये एकदम असली लगता है। इसके साथ ही ये मेरा सबसे पसंदीदा जानवर है। मुझे ये सबसे ज्यादा क्यूट लगता है। इसके साथ ही मैं बड़े बालों वाला जानवर बनना चाहता था, क्योंकि इससे कॉस्ट्यूम में आसानी से छुपा जा सकता है। यह पूछे जाने पर कि क्या कॉस्ट्यूम पहन कर वह अपने शरीर के अंगों को हिला सकते हैं इस पर टोको ने कहा कि इसे लेकर कुछ पाबंदिया हैं। हालांकि आप अपने हाथ पैर हिला सकते हैं। लेकिन अगर आप ऐसा ज्यादा करेंगो तो ये इंसानों की तरह नहीं लगेगा।

# झूला झूलकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया

**-36 घंटे तक स्विंग्स पर बैठकर झूलता रहा झूला**

**लंदन (ईएमएस)।** कुछ कर गुजरने की चाहत के दम पर ही इंग्लैंड के किन्रॉस में 51 साल के रिचर्ड स्कॉट ने झूला झूलकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवा लिया। रिकॉर्ड कायम करने के लिए उन्होंने लगातार 36 घंटे झूले पर बिताए। इस दौरान प्रति घंटे 5 मिनट के ब्रेक की परमिशन थी। और इसी के साथ स्कॉट ने 34 घंटे के स्विंगर का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। 51 साल के रिचर्ड ने वो कारनामा कर दिखाया जो सोचने में भी शरीर और मन थक जाए। उन्होंने झूला झूलने का विश्व रिकॉर्ड बना डाला। अब सुनने वाले सोचते होंगे की झूला झूलने में ऐसी कौन की काबिलियत है कि वो तारीफ के काबिल बन गया तो जरा सुनिए जनाब, हुनर झूला झूलने मात्र में नहीं है बल्कि कितने देर तक आप ऐसा कर सकते हैं असल टैलेंट तो उसमें छुपा है। और स्कॉट ने ये हुनर दिखाया जब उन्होंने एक-दो घंटे नहीं बल्कि पूरे 36 घंटे तक लगातार झूला झूलते हुए बिता दिया। और पिछले रिकॉर्ड 34 घंटे तक झूला झूलने वाले को तोड़ दिया। स्कॉट को स्विंग पर बिताए गए हर घंटे के बीच में पांच मिनट के ब्रेक की परमिशन दी गई थी, स्कॉट की 36 घंटे की स्विंगिंग मैराथन ने 34 घंटे के रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिसे क्विन लेवी ने 2020 के अक्टूबर में बनाया था। रोटरी क्लब ऑफ किन्रोस एंड डिस्ट्रिक्ट, जहां स्कॉट सदस्य हैं, उहोंने फेसबुक पर रिचर्ड स्कॉट की स्विंगिंग प्रैक्टिस का वीडियो शेयर किया। इस बारे में अपना अनुभव साझा करते हुए स्कॉट ने बताया कि ये अच्छा रहा। पैरों के ऊपरी हिस्से में थोड़ा दर्द है। इसके अलावा बाकी सब ठीक है। ये एक अच्छा अनुभव रहा। हालांकि ये चुनौतिपूर्ण था फिर भी अच्छा रहा। मैं बहुत उत्साहित हूं।




टेक्सास में डोरा फ्लोर्स और उनका पोता फूलों को लेकर रॉब एलीमेंट्री स्कूल पहुंचे। यहां एक बंदूकधारी ने 19 बच्चों और दो शिक्षकों को गोली मारी थी। (फोटो-ईएमएस)

DELHI CRIME 27 may 2022:Layout 1 5/26/2022 7:16 PM Page 5



# हिंदुस्तान जिंक में पूरी हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में मोदी सरकार



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** मोदी सरकार हिंदुस्तान जिंक में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कंपनी में सरकार की 29.54 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिसका मूल्य करीब 37,000 करोड़ रुपये है। मोदी सरकार ने इस कंपनी में अपनी 26 फीसदी हिस्सेदारी 2002 में वेदांत ग्रुप को बेच दी थी। बाद में कंपनी ने ग्रुप में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 64.92 फीसदी पहुंचा दी। हिंदुस्तान जिंक में सरकार की पूरी हिस्सेदारी बेचने के फैसले से जुड़ी खबर से कंपनी के शेयरों को पंख लग गए। बीएसई पर कंपनी का शेयर करीब सात फीसदी की तेजी के साथ 317.30 रुपये पहुंच गया। कीमत पर कंपनी में सरकारी हिस्सेदारी की कीमत 39,385.66 करोड़ रुपये पहुंच गई। सरकार ने इस वित्त वर्ष में 65,000 करोड़ रुपये का विनिवेश लक्ष्य तय किया है और उस हासिल करने के लिए हिंदुस्तान जिंक में हिस्सेदारी बिक्री को अहम माना जा रहा है। सरकार ने हाल में एलआईसी के आईपीओ से 20,560 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल नवंबर में सरकार को हिंदुस्तान जिंक में अपनी बाकी हिस्सेदारी बेचने की अनुमति दे दी थी। केंद्र ने सबसे पहले 1991-92 में हिंदुस्तान जिंक में 24.08 फीसदी हिस्सेदारी बेची थी, जब मनमोहन सिंह वित्त मंत्री थे। अप्रैल 2002 में सरकार ने कंपनी में 26 फीसदी हिस्सेदारी 445 करोड़ रुपये में स्टलाइट को बेच दी थी। आरोप है कि इसकी असल कीमत 39,000 करोड़ रुपये थी। उस समय देश में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी। स्टरलाइट ने 20 फीसदी हिस्सेदारी ओपन मार्केट से खरीदकर अपनी हिस्सेदारी 46 फीसदी पहुंचा दी थी। फिर उसने दो कॉल ऑप्शंस का इस्तेमाल कर हिंदुस्तान जिंक में 64.92 फीसदी हिस्सेदारी ले ली। साल 2012 में केंद्र सरकार ने कंपनी में अपनी 29.54 फीसदी हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया। लेकिन नवंबर 2013 में सीबीआई ने इस मामले में संदिग्ध वित्तीय अनियमितताओं के आधार पर प्रारंभिक जांच शुरू की। लेकिन इसे बाद में बंद कर दिया गया।

# अडानी ग्रुप दे रहा 250 फीसदी डिविडेंड, आपके पास हैं कंपनी का शेयर




**मुंबई (ईएमएस)।** अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पोर्ट्स एवं सेज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजे घोषित कर दिए हैं। जनवरी-मार्च 2022 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 21 फीसदी बढ़ा है, जबकि आमदनी में 6 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। तिमाही नतीजे जारी करते हुए अडानी पोर्ट्स एंड सेज ने बताया है कि उसके बोर्ड ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 2 रुपये फेस वैल्यू के शेयरों पर 5 रुपये प्रति शेयर यानी 250 फीसदी डिविडेंड देने को मंजूरी दे दी है। बोर्ड के इस फैसले पर आगामी एजीएम में कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी ली जाएगी। कंपनी ने एक्सचेंज को दी गई जानकारी में कहा है कि आगामी एजीएम (सालाना साधारण बैठक) की तारीख और डिविडेंड के भुगतान की तारीख के बारे में जानकारी उचित समय पर मिलेगी। 31 मार्च 2022 को समाप्त चौथी तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 21 फीसदी बढ़कर 1,024 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। आमदनी भी 6 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी के साथ 3,845 करोड़ रुपये रही है। हालांकि, इस दौरान कंपनी का एबिटा सालाना आधार पर 19 फीसदी गिरकर 1,858.8 करोड़ रुपये पर रहा है। अडानी पोर्ट्स देश की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड पोर्ट एवं लॉजिस्टिक कंपनी है। 2022 में अब तक यह शेयर करीब 4 फीसदी गिरा है। पिछले 1 साल में कंपनी के शेयर में 7 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई है।

# सरकार ने कागज आयात निगरानी प्रणाली शुरू की



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कागज आयात निगरानी प्रणाली (पीआईएमएस) के तहत आयात पंजीकरण अनिवार्य कर दिया। इसमें 201 प्रकार के कागज और टिशू पेपर समेत पेपर बोर्ड शामिल हैं। मंत्रालय ने कागज आयात निगरानी प्रणाली शुरू की है। इसके तहत आयातकों को इन कागज के आयात के बारे में पहले से ऑनलाइन जानकारी देनी होगी और पंजीकरण संख्या लेनी होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा कि अध्याय 48 के तहत कुछ वस्तुओं के मामले में आयात नीति संशोधित की गई है। इसके तहत पीआईएमएस के अंतर्गत पंजीकरण कराना अनिवार्य किया गया है। इसमें कहा गया है कि आयातक आयात खेप आने की संभावित तिथि से पांच दिन पहले पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्वचालित पंजीकरण संख्या 75 दिनों तक वैध रहेगी। पीआईएमएस एक अक्टूबर, 2022 से प्रभावी होगी।

# अफ्रीका में भारत का संचयी निवेश 70 अरब डॉलर: विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** अफ्रीका में भारत का संचयी निवेश 70 अरब डॉलर का है, जबकि इसने महाद्वीप के देशों को 12.26 अरब डॉलर मूल्य की ऋण सुविधा प्रदान की है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने कहा कि भारत के रियायती ऋण, अनुदान और क्षमता निर्माण कार्यक्रम ने अफ्रीका के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब तक 12.26 अरब डालर की ऋण सुविधा अफ्रीकी देशों को प्रदान की गई है, इस प्रकार यह भारत के रियायती ऋण का दूसरा सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता है। उसने कहा कि इन ऋण सुविधाओं के तहत 193 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 66 परियोजनाएं वर्तमान में निष्पादन के अधीन हैं, जबकि 88 विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व-निष्पादन चरण में हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि व्यापार और आर्थिक मोर्चे पर, भारत अफ्रीका के लिए चौथा सबसे बड़ा भागीदार है, जिसने 2018-19 के दौरान 69.7 अरब डालर का व्यापार किया है और 70.7 अरब डालर के संचयी निवेश के साथ अफ्रीका में पांचवां सबसे बड़ा निवेशक है।

# देश में 11 साल के निचले स्तर पर पहुंच सकता है पाम ऑयल का आयात



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत का पाम ऑयल आयात 19 फीसदी गिरकर 11 साल के सबसे निचले स्तर पर आ सकता है। इसका कारण यह है कि सोया तेल अब सस्ता है। साथ ही, इंडोनेशिया के पाम ऑयल एक्सपोर्ट पर पाबंदी और सरकार की सोया ऑयल के निशुल्क आयात की अनुमति के कारण सोया ऑयल की बाजार में हिस्सेदारी बढ़ेगी। दुनिया के सबसे बड़े खाने के तेल के आयातक की ओर से पाम ऑयल की खरीदारी घटाने से मलेशियाई पाम ऑयल की कीमतों पर दबाव पड़ सकता है। भारत सोया ऑयल के आयात के रिकॉर्ड ऊंचाई पर ले जाने के साथ अमेरिकी सोया ऑयल वायदा कीमतों को समर्थन दे सकता है।

पांच डीलरों के औसत पूर्वानुमान के हवाले से रिपोर्ट के मुताबिक 31 अक्टूबर को समाप्त होने वाले मार्केटिंग वर्ष 2021-22 में भारत का पाम ऑयल आयात घटकर 6।7 मिलियन टन रह सकता है, जो 2010-11 के बाद सबसे कम होगा। इस साल सोया ऑयल का आयात एक साल पहले के मुकाबले 57 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 45 लाख टन पर पहुंच सकता है।

# किआ इंडिया ने ईवी6 की बुकिंग शुरू की

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** वाहन विनिमार्ता कंपनी किआ इंडिया ने कहा कि देश में अपने पहले इलेक्ट्रिक मॉडल ईवी6 की बुकिंग उसने शुरू कर दी है। ईवी6 बिजली चालित वाहनों के लिए समर्पित मंच द इलेक्ट्रिक ग्लोबल मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म (ई-जीएमपी) पर आधारित है। इस साल भारत में ईवी6 की केवल 100 इकाइयां ही बेची जाएंगी जिन्हें पूर्ण रूप से निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में लाया जाएगा।

यह आयातीत मॉडल देश में अगले हफ्ते उतारा जाएगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि ईवी6 को तीन लाख रुपए की आरंभिक राशि देकर बुक किया जा सकता है। किआ इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत का वाहन उद्योग परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और इसमें सबसे आगे है किआ। ईवी6 एक बार में पूरी चार्ज होने पर 528 किलोमीटर तक चल सकती है और महज 5.2 सेकेंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की गति ले सकती है।

# एक जून से थर्ड पार्टी मोटर बीमा प्रीमियम बढ़ेगा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के लिए थर्ड पार्टी मोटर वाहन बीमा के प्रीमियम बढ़ाने की घोषणा की है जो एक जून से लागू होगी। इससे कार और दोपहिया वाहनों का बीमा महंगा होने की संभावना है। मंत्रालय द्वारा अधिसूचित संशोधित दर के मुताबिक एक हजार सीसी क्षमता इंजन वाली निजी कारों के लिए प्रीमियम 2094 रुपये होगा जो वर्ष 2019-20 में 2072 रुपये था। इसी प्रकार 1000 से 1500 सीसी इंजन की निजी कारों के लिए अब 3221 रुपये के बजाय 3416 रुपये प्रीमियम देना होगा। हालांकि 1500 से अधिक सीसी की निजी कारों के लिए थर्ड पार्टी बीमा प्रीमियम में कमी की गई है और यह 7,897 रुपये से घटकर 7890 रुपये हो जाएगा। इसी प्रकार 150 से 350 सीसी तक के दो पहिया वाहनों का प्रीमियम 1366 रुपये होगा जबकि 350 से अधिक सीसी के दोपहिया वाहन के लिए यह दर 2804 रुपये होगी। 1000 सीसी से कम क्षमता वाली नई कार के लिए तीन साल का सिंगल प्रीमियम 6,521 रुपये होगा जबकि 1000 सीसी से 1500 सीसी इंजन वाली कारों के लिए यह 10,640 रुपये होगा। 1500 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली नई कारों के लिए तीन साल का प्रीमियम 24,596 रुपये होगा। इसी तरह 75 सीसी तक क्षमता वाले दोपहिया वाहनों के लिए पांच साल का सिंगल प्रीमियम 2901 रुपये, 75 सीसी से 150 सीसी तक क्षमता वाले वाहनों के लिए 3,851 रुपये तथा 150 सीसी और 350 सीसी तक के दोपहिया वाहनों के लिए 7,365 रुपये होगा। 350 सीसी से अधिक क्षमता वाले दोपहिया वाहनों के लिए पांच साल का सिंगल प्रीमियम 15,117 रुपये होगा। 30 केडब्ल्यू तक के नए प्राइवेट इलेक्ट्रिक वीकल के लिए तीन साल का सिंगल प्रीमियम 5,543 रुपये का होगा। 30 केडब्ल्यू से 65 केडब्ल्यू अधिक क्षमता वाले ईवी के लिए यह 9,044 रुपये होगा। बड़े ईवी के लिए तीन साल का प्रीमियम 20,907 रुपये होगा। तीन केडब्ल्यू तक के नए दोपहिया ईवी वाहनों का पांच साल का सिंगल प्रीमियम 2,466 रुपये होगा। इसी तरह तीन से सात केडब्ल्यू तक के दोपहिया ईवी वाहनों का प्रीमियम 3,273 रुपये और सात से 16 केडब्ल्यू तक का प्रीमिय 6,260 रुपये होगा। ज्यादा क्षमता वाले ईवी दोपहिया वाहनों का पांच साल का प्रीमियम 12,849 रुपये होगा। नया वाहन खरीदने के साथ ही वाहन का थर्ड पार्टी इंश्योरेंस कराना जरूरी होता है। थर्ड पार्टी बीमा को लाइबिलिटी कवर के नाम से भी जाना जाता है। बीमा तीसरे पक्ष से संबंधित होता है। अगर किसी ने वीकल का थर्ड पार्टी बीमा कराया है और कोई दुर्घटना होती है तो तीसरी पार्टी को बीमा कंपनी क्लेम देती है। यहां फर्स्ट पार्टी वाहन चलाने वाला और थर्ड पार्टी वाहन की चपेट में आने वाला होता है। वाह की चपेट में आने वाले आर्थिक नुकसान के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस को अनिवार्य किया गया है।

# बाटा इंडिया का मुनाफा बढ़कर 62.96 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जूते बनाने वाली कंपनी बाटा इंडिया लिमिटेड का मुनाफा वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 62.96 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आय में वृद्धि से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है।बाटा इंडिया ने शेयर बाजार यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2020-21 की अंतिम तिमाही में कंपनी ने 29.47 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। कंपनी की परिचालन आय भी बीते वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 12.77 प्रतिशत की बढ़त के साथ 665.24 करोड़ रुपए हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 589.90 करोड़ रुपए थी। इसके अलावा बाटा इंडिया का कुल खर्च भी आलोच्य तिमाही के दौरान 6.29 प्रतिशत बढ़कर 599.39 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 563.90 करोड़ रुपए था। बाटा इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि पिछली दो तिमाहियों में हमने उपभोक्ता भावना में सुधार, कोविड-19 महामारी की गहरी समझ, टीकों की उपलब्धता और प्रतिबंधों में तेजी से ढील के चलते मांग में उल्लेखनीय सुधार देखा है।

# सरकार ने फिलहाल जीएसटी दरों में प्रस्तावित बदलाव करने का फैसला टाला

**- जुलाई के तीसरे या चौथे सप्ताह में जीएसटी काउंसिल की हो सकती है बैठक**




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** ऐसे समय में जब चीजों की कीमतें पहले से ही आसमान पर हैं, केंद्र व राज्य सरकारें टैक्स की दरों में कोई बदलाव कर नया रिस्क नहीं लेना चाहती हैं। दरअसल पहले तो कोरोना महामारी ने दुनिया भर को प्रभावित किया। उसके बाद रूस और यूक्रेन के बीच जारी लड़ाई ने हालात बदतर बना दिया। इसके चलते अनाजों की कमी हो रही है और इनकी कीमतें बढ़ती जा रही हैं। ये बाहरी फैक्टर चीजों की कमी और महंगाई को प्रभावित कर रहे हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने टैक्स कलेक्शन बढ़ाने के लिए जीएसटी दरों में प्रस्तावित बदलाव को फिलहाल के लिए टालने का फैसला लिया है। जीएसटी के बारे में अंतिम निर्णय जीएसटी काउंसिल करती है। हालांकि लंबे अंतराल से काउंसिल की बैठक नहीं हुई है। जीएसटी काउंसिल की आखिरी बैठक पिछले साल सितंबर में लखनऊ में हुई थी। उन्होंने कहा कि जुलाई के तीसरे सप्ताह से संसद का मानसून सत्र शुरू होने वाला है और बैठक को इसके बाद के लिए टाला नहीं जा सकता है। जानकारी के मुताबिक जुलाई के तीसरे या चौथे सप्ताह में जीएसटी काउंसिल की बैठक की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि संसद सत्र से पहले भी जीएसटी काउंसिल की बैठक हो सकती है। हालांकि इस बात की संभावना काफी कम हैं कि बड़ी संख्या में चीजों के ऊपर लेवी लगाई जाए, क्योंकि इस साल के अंत में गुजरात और हिमाचल भारत में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंची महंगाई की मार से सिर्फ आम लोग ही प्रभावित नहीं हो रहे हैं. अब महंगाई सरकार के फैसलों पर असर डालने लगी है और इसके कारण जीएसटी के स्लैब व दरों में बदलाव की योजना को बाद के लिए टाल दिया गया है। सितंबर में हुई पिछली बैठक में काउंसिल ने राज्यों के वित्त मंत्रियों के एक समूह को जीएसटी दरें तार्किक बनाने की संभावनाओं पर गौर करने का काम दिया था। समूह को काम यह दिया गया था कि वे गुवाहाटी में नवंबर 2017 में हुई बैठक में कई कमॉडिटीज और सर्विसेज पर जीएसटी दरों में की गई कटौती की समीक्षा करें। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली की अगुवाई में हुई उस बैठक में 28 फीसदी के सबसे ऊंचे स्लैब में महज 50 सामान रखे गए थे। उस बैठक में काउंसिल ने 178 सामानों पर टैक्स की दर 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दी थी। इनके अलावा कई सामानों पर टैक्स की दर 5 फीसदी से घटाकर शून्य करने का भी फैसला लिया गया था। गौरतलब है कि कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन के समय जीएसटी कलेक्शन में गिरावट आई थी, लेकिन अब यह सुधर चुका है। अप्रैल 2022 में टोटल जीएसटी कलेक्शन 1,67,540 करोड़ रुपए रहा था। अप्रैल 2022 में सरकार को सेंट्रल जीएसटी से 33,159 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। इसके अलावा सरकार को स्टेट जीएसटी से 41,973 करोड़ रुपये और इंटीग्रेटेड जीएसटी से 81,939 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इंटीग्रेटेड जीएसटी में सामानों के आयात से प्राप्त 36,705 करोड़ रुपये का कलेक्शन भी शामिल है। सरकार को सेस से 10,649 करोड़ रुपए प्राप्त हुए, जिसमें सामानों के आयात से मिले 857 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। इस तरह अप्रैल 2022 में करीब 1.68 लाख करोड़ रुपये के जीएसटी कलेक्शन का रिकॉर्ड बना।

## दैनिक पंचांग

**27 मई 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.34 बजे से |
| चंद्र | मेष में | कर्क | 08.47 बजे से |
| मंगल | मीन में | सिंह | 11.03 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 13.15 बजे से |
| गुरु | मीन में | तुला | 15.26 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 17.41 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 19.57 बजे से |
| राहु | मेष में | मकर | 22.02 बजे से |
| केतु | तुला में | कुंभ | 23.48 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 01.21 बजे से |
| 10.30 से | | मेष | 02.52 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | वृष | 04.32 बजे से |

**शुक्रवार** 2022 वर्ष का 147 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 11.48 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 02.26 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सौभाग्य 22.08 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 11.48 बजे तदनन्तर गर 00.26 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 15' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871261 **जूलियन दिन** 2459726.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2548 **हिजरी सन्** 1443 **महीना** सव्वाल **तारीख** 25 **विशेष** प्रदोष वत, पंडित जवाहरलाल नेहरू पुण्यतिथि।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# मोटोरोला ई32एस चालू महीने में ही होगा लॉन्च

**-एंड्रॉइड 12 के साथ मिलेंगे ये खास फीचर्स**




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत में मोटोरोला ई32एस स्मार्टफोन को चालू महीने में ही लॉन्च कर सकती है। टिप्स्टर मुकेश शर्मा के द्वारा शेयर की गई डिटेल्स के अनुसार मोटोरोला ई32एस स्मार्टफोन 27 मई को लॉन्च हो सकता है। टिप्स्टर ने हाल ही में मोटोरोला ई32एस स्मार्टफोन की स्लेट ग्रे कलर की रेंडर इमेज शेयर की और बताया कि, मोटोरोला ई32एस स्मार्टफोन में क्या कुछ खास मिल सकता है। टिप्स्टर के अनुसार मोटोरोला अपने लेटेस्ट ई सीरीज के स्मार्टफोन को 27 मई को लॉन्च कर सकती है। साथ ही उन्होंने बताया कि मोटोरोला ई32एस स्मार्टफोन का डिजाइन मोटोरोला ई32 स्मार्टफोन के समान ही होगा।

इसके साथ ही स्मार्टफोन में पंच होल कटआउट मिलेगा और रियर पैनल में ट्रिपल कैमरा सेटअप मिल सकता है। इसके अलावा मोटोरोला के इस लेटेस्ट स्मार्टफोन में पावर बटन और वॉल्यूम बटन राइट साइड में मिलेगा। मोटोरोला ई32एस स्मार्टफोन के स्पेसिफिकेशन - मोटोरोला के इस स्मार्टफोन में 6.5इंच की आईपीएस एलसीडी डिस्प्ले मिलेगी जिसका रिफ्रेशिंग रेट 90एचझेड है। मोटोरोला का ये स्मार्टफोन एंड्रॉइड 12 के साथ माईयूएक्स पर रन करेगा। अगर स्टोरेज की बात करें तो मोटोरोला ई32एस स्मार्टफोन में 4जीबी रैम और 64जीबी की स्टोरेज मिल सकती है। टिप्स्टर के अनुसार मोटोरोला ई32एस स्मार्टफोन अल्ट्रा स्लिम और स्टाइलिश होगा।

## आज का राशिफल

आज का भाग्य

**शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे तथा शुक्रोदय पूर्वे तिथि द्वादशी, शुक्रवासरे, अश्वनी नक्षत्रे, सौभाग्य योगे, तैतिल करणे, मेष की चंद्रमा, प्रदोष क्रत, 13 मूल समाप्त रात्रि 3/14 सर्वार्थ सिद्ध योग तथापि पूर्व दिशा यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

**आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, कुशल वक्ता-प्रवक्ता, अधिकारी, शासक-प्रशासक, उद्योगपति, शिक्षक, शिक्षा शास्त्री होगा।**

**मेष राशि - यात्रा वृत्ति से लाभ, कुसंग से हानि, गृहकलह, मानसिक, अशांति का वातावरण रहेगा।**

**वृष राशि - आर्थिक व्यय, स्वजन कष्ट, विवाद, अस्थिरता व अशांति का वातावरण रहेगा, धैर्य रखें।**

**मिथुन राशि - शुभ कार्य होंगे, भूमि से हानि, कार्य सिद्धी, लाटरी-सट्टा से हानि की संभावना रहेगी।**

**कर्क राशि - धन हानि, रोग भय, चिन्ता, राजकार्य, गृहकार्य में व्यवस्था होती रहेगी, व्यय होगा।**

**सिंह राशि - कार्य में निराशा, खेती से लाभ तथा शत्रु भय बना रहेगा, उद्योग-व्यापार में लाभ होगा।**

**कन्या राशि - शरीर कष्ट, राज लाभ, व्यय भार बढ़ेगा, दाम्पत्य जीवन असमंजसपूर्ण रहेगा।**

**तुला राशि - चोटाग्नि भय, आर्थिक कार्य होंगे, कष्ट होगा, व्यापार में उलझन की स्थिति बनी रहेगी।**

**वृश्चिक राशि - बाधा, धन लाभ, यात्रा कष्टपूर्ण रहेगी, गृहकार्य-राजकार्य में रुकावट रहेगी।**

**धनु राशि - कलह, व्यर्थ खर्च, सफलता प्राप्त होगी, सामाजिक कार्य में सफलता के योग हैं कार्य करें।**

**मकर राशि - रोगभय, मुकदमे में जीत, मानसिक परेशानी तथा व्यर्थ उलझनों से मन व्याकुल रहेगा।**

**कुंभ राशि - कलह, व्यर्थ खर्च, सफलता मिलेगी, सामाजिक कार्यों में सफलता, कार्य में रुकावट हो सकती है।**

**मीन राशि - स्वजन सुख, पुत्र चिन्ता, धन हानि, राजकार्य में विलम्ब से परेशानी बन सकती है।**

DELHI CRIME 27 may 2022:Layout 1 5/26/2022 7:16 PM Page 6



# काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद पेरिस में परिवार संग छुट्टियाँ मना रहे हैं चेतेश्वर पुजारा




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** काउंटी क्रिकेट में बेहतरीन परफॉर्मेंस देने के बाद भारतीय टेस्ट टीम के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा इन दिनों अपने परिवार के साथ पेरिस में छुट्टियाँ मना रहे हैं। पुजारा को काउंटी क्रिकेट में शानदार परफॉर्मेंस के लिए पुरस्कार मिला है। इंग्लैंड दौरे के लिए चुनी गई टेस्ट टीम में पुजारा वापसी करने में सफल रहे हैं। ससेक्स काउंटी क्लब की ओर से खेलते हुए पुजारा ने चार मैचों में दो शतक और दो दोहरे शतक लगाए थे। काउंटी क्रिकेट खत्म होने के बाद पुजारा अपनी पत्नी पूजा और बेटी अदिति संग छुट्टियाँ मनाने इन दिनों पेरिस पहुँचे हुए हैं। चेतेश्वर पुजारा ने देश के अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, कू ऐप पर अपने परिवार संग एक के बाद एक बेहद दिलचस्प तस्वीरें साझा की हैं। वे कभी एम्स्टर्डम की नहरों की लहरों में नाँव में बैठे नजर आ रहे हैं, तो कभी एफिल टा-वर की सरजमीं पर दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि इस वर्ष फरवरी में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में अनसोल्ड रहना चेतेश्वर पुजारा के लिए वरदान साबित हुआ है। एक ओर भारत में आईपीएल 2022 चल रहा था, दूसरी ओर चेतेश्वर पुजारा ससेक्स के लिए रनों की झड़ी लगाने में जुटे थे। चेतेश्वर के इस बेहद सफल काउंटी सीजन ने उन्हें जुलाई में बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के एकमात्र बचे पाँचवें मैच के लिए भारतीय टेस्ट टीम में वापसी करने में मदद की है। इंग्लैंड जाने से पहले, चेतेश्वर पुजारा को मार्च में श्रीलंका के खिलाफ दो मैच की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली थी। चयनकताओं ने श्रेयस अय्यर जैसे युवा खिलाड़ियों को अधिक मौके देने का फैसला किया था। लेकिन कहते हैं न कि जो होता है, अच्छे के लिए ही होता है।

# आईपीएल के चार सत्रों में 600 से अधिक रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने केएल राहुल




**कोलकाता, (हि.स.)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के एलिनिमेटर मुकाबले में रायल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के हाथों 14 रन से हारकर भले ही लीग से बाहर होना पड़ा हो, लेकिन यह मैच एलएसजी के कप्तान केएल राहुल के लिए खास रहा। राहुल ने इस मुकाबले में 79 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, इसी के साथ वह आईपीएल के चार सत्रों में 600 से अधिक रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने आईपीएल 2022 सीजन के 15 मैचों में 661 रन बनाए हैं। इस साल के संस्करण से पहले, राहुल ने 2021 संस्करण के 13 मैचों में 626 रन, 2020 सीजन के 14 मैचों में 670 रन और 2018 संस्करण में 659 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज क्रिस गेल और ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने तीन अलग-अलग सत्रों में आईपीएल में 600 से अधिक रन बनाए हैं और अब इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। गेल ने आरसीबी की तरफ से खेलते हुए लगातार तीन वर्षों (2011, 2012, 2013) में 600 रन का आंकड़ा पार किया। दूसरी ओर, डेविड वार्नर ने भी सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान के रूप में 2016 से 2019 तक लगातार तीन सीजन में 600 का आंकड़ा पार किया है। आरसीबी और एलएसजी के बीच मैच की बात करें तो इस मुकाबले में रजत पाटीदार के बेहतरीन नाबाद शतकीय (112) पारी की बदौलत आरसीबी ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 207 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। रजत के अलावा दिनाश कार्तिक ने नाबाद 37 और विराट कोहली ने 25 रन बनाए। एलएसजी की तरफ से मोहसिन खान, क्रुणाल पांड्या, आवेश खान और रवि बिश्नोई ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में एलएसजी की टीम 20 ओवरों में 6 विकेट पर 193 रन ही बना सकी। एलएसजी की तरफ से कप्तान केएल राहुल ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 58 गेंदों पर 79 रन बनाए। राहुल के अलावा दीपक हुड्डा ने 45 और मनन वोहरा ने 19 रन बनाए। आरसीबी की तरफ से जोश हुजलवुड ने 3, मोहम्मद सिराज, वाहिंदु हसरंगा और हर्षल पटेल ने 1-1 विकेट लिया। इस जीत के साथ आरसीबी की टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्वालिफायर 2 में राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगी।

# न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान एमी सैटरथवेट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास




**वेलिंगटन, (हि.स.)।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान एमी सैटरथवेट ने 15 साल के करियर पर विराम लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा 2022-23 सीजन के लिए वार्षिक अनुबंध में शामिल न किये जाने के बाद सैटरथवेट ने संन्यास लेने का फैसला किया। सैटरथवेट 2018 और 2019 में न्यूजीलैंड टीम की कप्तान थीं, उन्होंने 2007 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और देश के लिए 111 टी-20 और 145 एकदिवसीय मैच खेला। सैटरथवेट ने न्यूजीलैंड क्रिकेट की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, "मैं बहुत दुख के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करती हूं। मैं अनुबंध नहीं मिलने से निराश हूं और मानती हूं कि मेरे पास अभी और भी बहुत कुछ है, हालांकि, मैं एनजेडसी के फैसले का सम्मान करती हूं और मैं व्हाइट फर्न्स को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देती हूं। मैं हर तरह से उनका समर्थन करती रहूंगी।" सैटरथवेट ने कहा कि वह अपने देश के लिए खेलने के हर मिनट से प्यार करती है, इसे एक अविश्वसनीय यात्रा के रूप में वर्णित करती हैं। उन्होंने कहा, "मेरे अतीत और वर्तमान के सभी साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ के लिए, मैं एक क्रिकेटर के रूप में मेरी मदद करने और व्हाइट फर्न्स के साथ अपना समय बनाने के लिए आपने जो कुछ भी किया है, उसकी मैं सराहना करती हूँ। मुझे व्हाइट फर्न्स के साथ अपनी यात्रा पर बहुत गर्व है।" टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सैटरथवेट के नाम 1784 रन हैं। वह महिला क्रिकेट में न्यूजीलैंड की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाली तीसरी बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इंग्लैंड के खिलाफ है। जहां उन्होंने 17 रन देकर 6 विकेट लिए थे। सैटरथवेट ने 2016-17 एकदिनी विश्व कप में लगातार चार शतक लगाए थे, विश्व क्रिकेट में यह कारनामा केवल श्रीलंका के कुमार संगकारा ने किया है।

# फ्रेंच ओपन 2022 के तीसरे दौर में पहुंची बेलिंडा बेनसिक



**पेरिस, (हि.स.)।** स्विट्जरलैंड की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेनसिक ने फ्रेंच ओपन 2022 के महिला एकल वर्ग के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। बेनसिक ने दूसरे दौर के मुकाबले में कनाडा की बियांका एंड्रीस्कु को हराया। बेनसिक ने दो सीधे गेमों में बियांका एंड्रीस्कु को 6-2, 6-4 से हराया। बेनसिक का सामना अब तीसरे दौर में कनाडा की लेयला फर्नांडीज से होगा। कनाडा की किशोरी फर्नांडीज ने शीर्ष युगल खिलाड़ी चेक गणराज्य की कतेरीना सिनाकोवा को 6-3, 6-2 के अंतर से हराया। यह मुकाबला 1 घंटे और 11 मिनट तक चला। इससे पहले, पिछले साल की सेमीफाइनलिस्ट और नंबर 4 वरीय मारिया सक्कारी को दूसरे दौर में चेक खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मुचोवा ने सक्कारी को 7-6(5), 7-6(4) से हराया। मुचोवा अब पेरिस में लगातार दूसरे साल तीसरे दौर में पहुंच गई है। तीसरे दौर में उनका सामना अमेरिका की 27वीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा से होगा।

# अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच बने उमर गुल



**काबुल, (हि.स.)।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज उमर गुल को अफगानिस्तान का नया गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। गुल जून में जिम्बाब्वे के सफेद गेंद के दौरे के दौरान अपनी नई भूमिका शुरू करेंगे, जहां अफगानिस्तान तीन एकदिवसीय मैच खेलेगा, इसके बाद हरारे में तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला भी खेली जाएगी। 39 वर्षीय ने गुल ने पाकिस्तान के लिए सभी प्रारूपों में 237 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने सफेद गेंद के खेल में विशेष रूप से उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। गुल ने 130 एकदिवसीय मैचों में 179 विकेट लिए हैं, वहीं 60 टी-20 मैचों में उन्होंने 7.19 की आर्थिक दर से 85 विकेट हासिल किए हैं। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के 2021 सीजन में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के गेंदबाजी कोच के रूप में काम करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गुल का यह पहला कोचिंग असाइनमेंट होगा। गुल को जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की आईसीसी क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग श्रृंखला के माध्यम से अफगानिस्तान के गेंदबाजों का मार्गदर्शन करना होगा क्योंकि इससे टीम अफगानिस्तान को आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी। उमर गुल 2007 और 2009 दोनों टी20 क्रिकेट विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने दोनों वर्षों में सात मैचों में 13 विकेट हासिल किए और अपने कौशल से सभी को प्रभावित किया। अफगानिस्तान आगामी टी 20 विश्व कप के लिए अच्छी तैयारी कर रहा है क्योंकि वे सुपर 12 में पहले ही स्थान बना चुकी आठ टीमों में से एक है। जिम्बाब्वे के खिलाफ श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान की टीम इस प्रकार है-

**एकदिवसीय टीमः** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमत शाह (उप-कप्तान), अजमतुल्लाह ओमरजई, फरीद मलिक, फजल हक फारूकी, इब्राहिम जादरान, इकराम अलीखाइल (विकेटकीपर), मोहम्मद नबी, मुजीब उर रहमान, नजीबुल्लाह जादरान, रहमानुल्ला गुरबाज (विकेटकीपर), राशिद खान, रियाज हसन, शाहिदुल्ला कमाल, यामीन अहमदजई, जिया उर रहमान अकबर।

**रिजर्वः** नूर अहमद, निजात मसूद।

**टी-20 टीमः** मोहम्मद नबी (कप्तान), नजीबुल्लाह जदरान (उपकप्तान), अफसर जजई (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह ओमरजई, दरवेश रसूली, फरीद अहमद मलिक, फजल हक फारूकी, हजरतुल्लाह जजई, एहसानुल्लाह जनत, करीम जनत, निजत मसूद, नूर अहमद, रहमानुल्ला गुरबाज (विकेटकीपर), राशिद खान, शराफुद्दीन अशरफ और उस्मान गनी

**रिजर्वः** जहीर खान, सैयद अहमद शिरजाद।

# नडाल ने दर्ज की 300वीं ग्रैंड स्लैम मैच जीत, फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे

**पेरिस, (हि.स.)।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने अपनी 300 वीं ग्रैंड स्लैम मैच जीत हासिल करते हुए फ्रेंच ओपन 2022 के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। नडाल ने दूसरे दौर के मुकाबले में फ्रेंचमैन कोरेंटिन मौटेट को शिकस्त दी। विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी राफेल नडाल ने टूर्नामेंट के दूसरे दौर में मौटेट को 6-3, 6-1, 6-4 से हराया। नडाल, रोजर फेडरर (369 जीत) और नोवाक जोकोविच (324) के बाद ग्रैंड स्लैम में 300 जीत हासिल करने वाले केवल तीसरे टेनिस खिलाड़ी हैं। इससे पहले जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव और दुनिया के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने भी फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। ज्वेरेव ने दूसरे दौर के मुकाबले में अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज को शिकस्त दी। ज्वेरेव ने तीन घंटे 36 मिनट तक चले मैच में बेज को 2-6, 4-6, 6-1, 6-2, 7-5 से मात दी। वहीं, जोकोविच ने स्लोवाकिया के एलेक्स मोल्कन को 6-2, 6-3, 7-6(4) से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। यह मुकाबला दो घंटे और 16 मिनट तक चला।

# आरसीबी के खिलाफ आसान कैच छोड़ने से हमें भारी कीमत चुकानी पड़ी : केएल राहुल

**कोलकाता, (हि.स.)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान केएल राहुल ने माना कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) एलिमिनेटर मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ आसान कैच छोड़ने से उनकी टीम को भारी कीमत चुकानी पड़ी। पहले बल्लेबाजी करते हुए, रजत पाटीदार (112*) के नाबाद शतक और विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के साथ उनके 92 रनों की साझेदारी की बदौलत आरसीबी ने आईपीएल में पदार्पण करने वाले एलएसजी के खिलाफ अपने 20 ओवरों में 4 विकेट पर 207 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में एलएसजी की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 193 रन ही बना सकी। मैच के बाद राहुल ने कहा, "मुझे लगता है कि यह बिल्कुल स्पष्ट है - जिन कारणों से हम जीत नहीं पाए। हमने खुद को मैदान में गिरा दिया। आसान कैच छोड़ने से कभी जीत नहीं मिलती। पाटीदार के शतकीय पारी ने काफी बड़ा अंतर पैदा कर दिया। जब शीर्ष तीन में कोई व्यक्ति शतक बनाता है, अधिक बार टीम जीतती है। आरसीबी ने अच्छी फील्डिंग की और हमने खराब।" कप्तान ने यह भी कहा कि उनकी टीम ने इस सीजन में काफी गलतियां की हैं, लेकिन उनसे सबक लेते हुए टीम अगली बार मजबूत वापसी करेगी। राहुल ने कहा, "हम बहुत सारी सकारात्मक चीजें वापस लेंगे। यह एक नई फ्रेंचाइजी है। हमने बहुत सारी गलतियां की हैं, हर टीम ऐसा करती है। कोशिश करनी होगी और मजबूत होकर वापस आना होगा। यह एक युवा टीम है। वे अपनी गलतियों से सीखेंगे। एलएसजी कप्तान ने तेज गेंदबाज मोहसिन खान की भी विशेष प्रशंसा की, जिन्होंने एलिमिनेटर में आरसीबी के खिलाफ बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने कहा, "मोहसिन ने सभी को दिखाया कि वह कितना अच्छा है और उसके पास क्या कौशल है। जैसे-जैसे उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा वह और बेहतर होगा। वह अगले सीजन तक कुछ और कौशल सीखेगा और खुद को विकसित करेगा।" बता दें कि रजत पाटीदार के बेहतरीन नाबाद शतकीय (112) पारी की बदौलत आरसीबी ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 207 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। रजत के अलावा दिनाश कार्तिक ने नाबाद 37 और विराट कोहली ने 25 रन बनाए। एलएसजी की तरफ से मोहसिन खान, क्रुणाल पांड्या, आवेश खान और रवि बिश्नोई ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में एलएसजी की टीम 20 ओवरों में 6 विकेट पर 193 रन ही बना सकी। एलएसजी की तरफ से कप्तान केएल राहुल ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 58 गेंदों पर 79 रन बनाए। राहुल के अलावा दीपक हुड्डा ने 45 और मनन वोहरा ने 19 रन बनाए। आरसीबी की तरफ से जोश हेजलवुड ने 3, मोहम्मद सिराज, वाहिंदु हसरंगा और हर्षल पटेल ने 1-1 विकेट लिया।

# भारत के श्रीशंकर को अंतरराष्ट्रीय जंपिंग में स्वर्ण

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत के मुरली श्रीशंकर ने यूनान में 12वीं अंतरराष्ट्रीय जंपिंग मीट में 8.31 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता है। लंबी कूद एथलीट श्रीशंकर के नाम 8.36 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। वहीं स्वीडन के टोबियास मोंटलेर ने 8.27 मीटर की छलांग लगायी और उन्हें रजत पदक मिला जबकि फ्रांस के जुलेस पोमेरी को कांस्य पदक मिला है। इस दौरान केवल तीन खिलाड़ी ही आठ मीटर से आगे निकल पाये। श्रीशंकर ने यूनान के कालिथिया में 12वीं अंतरराष्ट्रीय जंपिंग मीट में 8.31 मीटर की छलांग लगाई।' ओलंपिक के बाद पहली अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में भाग ले रहे श्रीशंकर ने अभ्यास के दौरान 7.88 और 7.71 मीटर की छलांग लगाई थी। इस एथलीट ने सत्र की पहली इंडिया ओपन जंप्स मीट में 8.14 और 8.17 मीटर की छलांग लगाई थी।



अल्बेनिया में ए एस रोमा के कोच जो मारिनहो ट्राफी के साथ जश्न मनाते हुए। (फोटो-ईएमएस)

## फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे ज्वेरेव और नोवाक



**पेरिस, (हि.स.)।** जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। टूर्नामेंट में तीसरे वरीय ज्वेरेव ने बुधवार को खेले गए दूसरे दौर के मुकाबले में अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज को शिकस्त दी। ज्वेरेव ने तीन घंटे 36 मिनट तक चले मैच में बेज को 2-6, 4-6, 6-1, 6-2, 7-5 से मात दी। तीसरे दौरे में ज्वेरेव का सामना दुनिया के 75वें नंबर के खिलाड़ी अमेरिका के ब्रैंडन नकाशिमा के साथ होगा, जिन्होंने सीधे सेटों में डचमैन टालोन ग्रिक्सपुर को हराया। वहीं, दुनिया के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने स्लोवाकिया के एलेक्स मोल्कन को 6-2, 6-3, 7-6(4) से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। यह मुकाबला दो घंटे और 16 मिनट तक चलेगा। तीसरे दौर में जोकोविच का सामना अल्जाज बेदीन से होगा।

# मैंने बल्लेबाजी करते समय कभी किसी तरह का दबाव महसूस नहीं किया : रजत पाटीदार



**कोलकाता, (हि.स.)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग 2022 के एलिनिमेटर मुकाबले में बेहतरीन नाबाद शतकीय पारी खेलने वाले रॉयल्स चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बल्लेबाज रजत पाटीदार ने कहा कि उन्होंने बल्लेबाजी करते समय कभी किसी तरह का दबाव महसूस नहीं किया। रजत ने 112 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेली, जिसकी बदौलत बुधवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2022 के एलिमिनेटर मैच में आरसीबी ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 14 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, रजत पाटीदार (112 *) के नाबाद शतक और विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के साथ उनके 92 रनों की साझेदारी की बदौलत आरसीबी ने आईपीएल में पदार्पण करने वाले लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपने 20 ओवरों में 4 विकेट पर 207 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। पाटीदार ने टूनामेंट के इतिहास में बतौर अनकैप्ड खिलाड़ी सबसे तेज शतक बनाया। उन्होंने 49 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और 54 गेंदों में 112 के स्कोर के साथ पारी समाप्त की। पाटीदार ने मैच के बाद कहा, "विकेट बहुत अच्छा था और मैंने कुछ अच्छे शॉट खेले। मुझे कभी कोई दबाव महसूस नहीं हुआ क्योंकि मुझे लगता है कि मेरे पास भरपाई करने की क्षमता है।" उन्होंने कहा, "जब मैं गेंद को समय देता हूं, तो मेरा ध्यान उस पर होता है। पावरप्ले के आखिरी ओवर में जब क्रुणाल मुझे गेंदबाजी कर रहे थे, तब मेरा निष्पादन ठीक रहा और बाद में मुझे विश्वास हो गया।" इस साल की मेगा नीलामी में पाटीदार को नजरअंदाज कर दिया गया था, बाद में उन्हें चोट के प्रतिस्थापन के रूप में चुना गया था, लेकिन 28 वर्षीय ने कभी उन चीजों की परवाह नहीं की जो वास्तव में उनके नियंत्रण में नहीं थीं। उन्होंने कहा, "मैं अपने क्लब के लिए 2021 आईपीएल खेलने के बाद व्यस्त था। मुझे 2021 आईपीएल के बाद नहीं चुना गया था, लेकिन यह मेरे नियंत्रण में नहीं था।" इस जीत के साथ आरसीबी की टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्वालिफायर 2 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी।

# मुझे दबाव में गेंदबाजी करना पसंद है : हर्षल पटेल

**कोलकाता, (हि.स.)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ आईपीएल 2022 के एलिमिनेटर मुकाबले में 14 रनों से मिली जीत के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने कहा कि उन्हें दबाव में गेंदबाजी करना पसंद है। साथ ही उन्होंने रजत पाटीदार की प्रशंसा की, जिन्होंने मैच में शतक लगाया था। उन्होंने कहा कि वह हमेशा स्लॉग ओवरों में गेंदबाजी करके खुद को दबाव में परखना चाहते थे। पटेल ने मैच के बाद कहा, "मैं कठिन परिस्थितियों में गेंदबाजी करना चाहता हूं। मैं गेंदबाजी कर पाऊंगा या नहीं, मैं वास्तव में नहीं जानता, मैं नहीं कह सकता। लेकिन मैं उन परिस्थितियों में रहना चाहता हूं, इसमें कोई संदेह नहीं है। पिछले 2-3 सालों से मैं हरियाणा के लिए ऐसा करना चाहता था, और मैं इसे बड़े स्तर पर करने में सफल रहा। मैं खुद को उस स्थिति में रखना जारी रखूंगा।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने बुधवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2022 के एलिमिनेटर मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 14 रनों से हरा दिया। मैच में नाबाद शतक लगाने वाले रजत पाटीदार की तारीफ करते हुए पटेल ने कहा, "जिस तरह से उन्होंने खेला, मुझे वास्तव में कुछ भी कहने की जरूरत नहीं है। हम अभ्यास खेलों में उनकी इस क्षमता को देख रहे हैं। पिछले साल भी जब वह हमारे साथ था, उसे कुछ मौके मिले लेकिन वह अपनी प्रतिभा और क्षमता के साथ न्याय नहीं कर सका। हम जानते थे कि वह एक विशेष खिलाड़ी है। जब वह इस साल एक प्रतिस्थापन खिलाड़ी के रूप में आया, तो हमने उसमें दृढ़ संकल्प देखा।" इस साल की मेगा नीलामी में पाटीदार आईपीएल 2022 में अनसोल्ड रहे, लेकिन आरसीबी के एक खिलाड़ी के चोटिल होने के कारण उन्हें इस सीजन में रिप्लेसमेंट के तौर पर मौका मिला।

# योगी सरकार का 2022-23 का बजट 2016-17 में अखिलेश के बजट से दोगुना

**-एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर मजबूत कदम, साल दर साल बढ़ा योगी सरकार का बजट**
**-मुख्यमंत्री आदित्यनाथ बोले, प्रदेश के समग्र विकास के विजन का है बजट**

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 6,15,518.97 करोड़ रुपये के विशाल बजट को विधानसभा में प्रस्तुत किया। यह वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए तत्कालीन अखिलेश यादव सरकार द्वारा प्रस्तुत 3,46,935 करोड़ रुपये के बजट के आकार से लगभग दोगुना है। योगी सरकार-दो का यह पहला बजट वित्त वर्ष 2021-22 के लिए योगी सरकार-एक के 5,50,270.78 करोड़ रुपये के बजट से भी काफी अधिक है। इसमें 39,181.10 करोड़ रुपये की नई योजनाएं शामिल हैं, जो अखिलेश सरकार के 13,842 करोड़ रुपये की नई विकास योजनाओं के प्रस्ताव से तीन गुना अधिक है। मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश के लिए एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर मजबूत कदम बढ़ाते हुए 2017 से साल दर साल प्रदेश बजट में बढ़ोतरी करते हुए एक आर्थिक प्रबंधन की दिशा में मास्टर स्ट्रोक दशार्या है। योगी सरकार ने राज्य में पुलिस को मजबूत करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए करोड़ों रुपये के बजट प्रावधान की भी घोषणा की है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि योगी सरकार ने गन्ना किसानों को 16 मई, 2022 तक न केवल 1,72,745 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड भुगतान किया है, जो कि 77,530 करोड़ रुपये के संचित भुगतान के पांच वर्षों से अधिक है। अखिलेश यादव की



सरकार के दौरान 95,215 करोड़, लेकिन शेष गन्ना किसानों को भुगतान के लिए 1000 करोड़ रुपये का भी प्रस्ताव किया है। बजट में राज्य के सिंचाई संबंधी मुद्दों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत 34,307 सरकारी नलकूपों और 252 छोटी शाखा नहरों के साथ-साथ 1000 करोड़ रुपये के माध्यम से किसानों को मुफ्त सिंचाई सुविधा का भी प्रस्ताव है। इसके अलावा, बजट में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत किसानों के लिए 650 करोड़ रुपये के दुर्घटना बीमा का प्रस्ताव है, जबकि अखिलेश यादव के 2.50 करोड़ रुपये के बजट में किसानों के लिए दुर्घटना बीमा योजना है। योगी सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में दो करोड़ स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित करना है, जिसमें मौजूदा वित्तीय वर्ष में ही 12 लाख शामिल हैं, जबकि अखिलेश यादव की सपा सरकार द्वारा पांच साल में एक करोड़ लैपटॉप वितरित किए गए हैं। योगी सरकार ने भी पीएम गति शक्ति योजना के तहत मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के लिए 897 करोड़ रुपये और मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबे 6-लेन गंगा एक्सप्रेसवे के लिए 34 करोड़ रुपये प्रस्तावित, जबकि अखिलेश यादव सरकार ने लखनऊ-आजमगढ़-बलिया के लिए 1,500 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए। समाजवादी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, जिसे आखिरकार योगी सरकार ने बनवाया था। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा विधानसभा में बजट पेश करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास के विजन को लेकर यह बजट तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश की 25 करोड़ जनता की जन आकांक्षाओं के अनुरूप है। यह न केवल युवाओं की शिक्षा और उनके रोजगार पर केंद्रित है, बल्कि इसमें किसानों के सशक्तीकरण के साथ-साथ राज्य के सर्वांगीण विकास और कानून व्यवस्था पर भी फोकस है। उन्होंने बताया कि बजट के आकार के साथ राजस्व को भी बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के माध्यम से जो 130 वादे जनता से किया था, उनमें से 97 संकल्पों का समावेश इस बजट में किया गया है। इनमें नई योजनाओं की संख्या 44 है। इनके लिए 54,883 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि प्रस्तावित की गई है। चालू वित्त वर्ष में कुल प्राप्तियों का अनुमान 5,90,951.71 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्तियों सहित।4,99,212.71 करोड़ और पूंजीगत प्राप्तियां 91,739 करोड़। राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का हिस्सा रुपये 3,67,153.76 करोड़। इसमें रुपये का अपना कर राजस्व शामिल है। 2,20,655 करोड़ और केंद्रीय करों में राज्य का हिस्सा 1,46,498.76 करोड़ रुपये। रुपये का राजकोषीय घाटा अनुमानित है। 81,177.97 करोड़ जो अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.96 प्रतिशत है।

## महाराष्ट्र में 20000 नर्सें हड़ताल पर, स्वास्थ्य सेवाएं हो सकती हैं प्रभावित

**मुंबई, (हि.स.)।** महाराष्ट्र की लगभग 20000 नर्सें अपनी मांगों को लेकर गुरुवार से हड़ताल पर चली गई हैं। इससे सूबे के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। नर्सिंग कोऑर्डिनेटिंग एसोसिएशन की कार्यकारी अध्यक्ष हेमलता गजबे ने कहा कि अगर इस हड़ताल से कुछ नहीं निकला तो 28 मई से अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू की जाएगी। जानकारी के अनुसार राज्य भर की नर्सें अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कुछ दिनों से एक घंटे हर दिन काम बंद आंदोलन कर रही थीं। इसलिए बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों ने नर्सिंग कोऑर्डिनेटिंग असोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की लेकिन इसमें कोई परिणाम नहीं निकला। नर्सिंग कोऑर्डिनेटिंग एसोसिएशन की कार्यकारी अध्यक्ष हेमलता गजबे ने कहा कि नर्सों की समस्याओं पर अभी तक राज्य के किसी भी मंत्री या अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया है। बुधवार को राज्य भर में नर्सों की एक घंटे की हड़ताल का तीसरा और अंतिम दिन था। लेकिन बुधवार को भी निदेशकों की बैठक में उनकी मांगों पर कोई समझौता नहीं हुआ, इसलिए अब नर्सों ने हड़ताल शुरू की है।



## बीते आठ सालों से विकास के नाम पर सिर्फ छल : कांग्रेस



**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस ने केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर बीते आठ वर्षों के दौरान विकास के नाम पर छल करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता अजय माकन ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय पर आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि भाजपा ने बीते आठ वर्षों में आठ ऐसे छल किए हैं जिससे देश की जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उल्लेखनीय है कि 8 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज के ही दिन पद एवं गोपनीयता की शपथ ली थी। माकन ने केन्द्र सरकार के आठ छल गिनाते हुए कहा कि भाजपा के आने से देश में महंगाई बढ़ी है, बेरोजगारी चरम पर है, अर्थव्यवस्था की बुरी हालत है, किसानों की आमदनी घटी है, देश में दंगे बढ़ गए हैं, पिछड़ों खासकर एससी, एसटी और ओबीसी के मुद्दों को भुलाया जा रहा है, भाजपा राष्ट्र की सुरक्षा करने में विफल हो रही है, शौर्य के नाम सेना के हितों को चोट पहुंचायी जा रही है। माकन ने कहा कि देश का युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है। जबकि सरकार चाहे तो 62 लाख से अधिक सरकारी नौकरियों पर नियुक्तियां कर युवाओं को रोजगार दे सकती है। उन्होंने कहा कि बीते आठ वर्षों में देश में 10 हजार से अधिक दंगे हो चुके हैं। चीन हमारी सीमा में आए दिन घुसपैठ करता रहता है और देश के प्रधानमंत्री मौन रहते हैं। बीते आठ वर्षों में हंगर इंडेक्स में देश के भुखमरी के हालात पहले से भी ज्यादा चिंताजनक हुए हैं। 116 देशों की लिस्ट में भारत 101वें नंबर पर पहुंच गया है। प्रेस की आजादी पर भी लगातार हमले हुए हैं।

## भारतीय नौसेना की गाइडेड मिसाइल ने पूरी सटीकता के साथ निशाना साधा

**- पनडुब्बी रोधी स्टील्थ फ्रिगेट से सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का किया गया परीक्षण**
**- लॉन्च होने के बाद मिसाइल ने अपने लक्ष्य की ओर जाकर पानी के ठीक ऊपर किया विस्फोट**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय नौसेना ने गुरुवार को भारतीय समुद्र में शिवालिक वर्ग के पनडुब्बी रोधी स्टील्थ फ्रिगेट से सतह से हवा में मार करने वाली (एसएएम) प्रणाली का एक वीडियो साझा किया, जिसमें गाइडेड मिसाइल ने पूर्ण सटीकता के साथ अपने लक्ष्य को मारा। वीडियो में एसएएम प्रणाली को प्रक्षेपित किए जाने के बाद अविश्वसनीय गति के साथ लक्ष्य तक पहुंचते हुए दिखाया गया है। इसके बाद मिसाइल सतह के ठीक ऊपर की लक्ष्य से टकराती है। वीडियो की शुरूआत गाइडेड मिसाइल के एंटी सबमरीन स्टील्थ फ्रिगेट के साइलो से निकलने से होती है और अपने लक्ष्य को हिट करने तक पहुंचती है। लॉन्च होने के बाद मिसाइल अपने लक्ष्य की ओर जाती है और पानी के ठीक ऊपर एक



विस्फोट होता है, जिससे यह पुष्टि होती है कि मिसाइल कम उड़ान वाली वस्तु को मारने में सक्षम थी। यानी साझा किये गए वीडियो में पनडुब्बी रोधी स्टील्थ फ्रिगेट को सफलतापूर्वक कम-उड़ान वाले लक्ष्य को भेदते हुए देख सकते हैं। इससे पहले नौसेना 18 मई को ओडिशा तट पर सीकिंग 42बी हेलीकॉप्टर से स्वदेशी एयर लॉन्च एंटी-शिप मिसाइल की पहली फायरिंग करके भारत की ताकत दिखा चुकी है। डीआरडीओ के सहयोग से किया गया यह परीक्षण भारतीय मिसाइल प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मिसाइल ने हेलीकॉप्टर के लिए होममेड लॉन्चर सहित कई नई तकनीकों का इस्तेमाल किया। यह भारतीय नौसेना के लिए पहली स्वदेशी हवा से लॉन्च की जाने वाली एंटी-शिप मिसाइल प्रणाली है। भारतीय नौसेना नियमित रूप से अपने हथियारों को सुधारने के लिए उनका परीक्षण करती है और जरूरत पड़ने पर उनमें सुधार भी करती है। नौसेना अपनी ताकत बढ़ाने के लिए नए जहाजों को भी शामिल कर रही है। पिछले सप्ताह दो फ्रंटलाइन युद्धपोत सूरत और उदयगिरी को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुंबई में मझगांव डॉक्स लिमिटेड में लॉन्च किया है। उन्होंने 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में उनके प्रयासों के लिए नौसेना बलों की प्रशंसा की।

## उपराष्ट्रपति नायडू 30 मई-07 जून तक गैबॉन, सेनेगल और कतर का करेंगे दौरा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू 30 मई-07 जून तक गैबॉन, सेनेगल और कतर का दौरा करेंगे। उनके साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार और तीन संसद सदस्यों सुशील कुमार मोदी (राज्य सभा), विजय पाल सिंह तोमर (राज्य सभा) और पी. रवींद्रनाथ (लोकसभा) सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल होगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार उपराष्ट्रपति के स्तर पर भारत की ओर से तीनों देशों की यह पहली यात्रा होगी। यह भारत की ओर से गैबॉन और सेनेगल की पहली उच्च स्तरीय यात्रा भी होगी। गैबॉन और सेनेगल की यात्राएं अफ्रीका के साथ




भारत के जुड़ाव को गति देंगी और अफ्रीकी महाद्वीप के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देंगी।

कतर की यात्रा, जैसा कि दोनों पक्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना की 50 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए तैयार हैं, द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाएंगे। तीनों देशों की यात्रा के दौरान कई द्विपक्षीय दस्तावेजों को अंतिम रूप देने की उम्मीद है।

## ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले की अगली सुनवाई 30 को

**-वादी पक्ष का आरोप- शिवलिंग के साथ की गई छेड़छाड़**

**वाराणसी, (हि.स.)।** ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच वाराणसी जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई की तारीख 30 मई मुकर्रर की। अदालत में मस्जिद प्रबंधन कमेटी की ओर से दलील दी गयी है कि वर्ष 1991 के धार्मिक स्थल (विशेष प्रावधान) कानून के परिप्रेक्ष्य में इस वाद पर अदालत में सुनवाई नहीं हो सकती है। सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 07 नियम 11 के तहत इस संबंध में आवेदन दिया गया था। संबंधित कानून में धार्मिक स्थलों का स्वरूप 15 अगस्त 1947 जैसा बनाये रखने का प्रावधान है। इस पर वादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने प्रतिकार कर जोरदार दलीलें दीं। इसी बीच हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने जिला न्यायाधीश की कोर्ट को सूचित किया कि ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर मिले शिवलिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। प्रतिवादी पक्ष ने कहा कि शिवलिंग का अस्तित्व केवल कथित है और अभी तक सिद्ध नहीं हुआ है। अफवाहों के परिणामस्वरूप सार्वजनिक अशांति होती है। जिसे अस्तित्व साबित होने तक अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हिन्दू पक्ष का यह मुकदमा पूरी तरह से गैर-धारणीय है। इसलिए इसे सिविल प्रक्रिया संहिता के ऑर्डर 7 रूल 11 के तहत खारिज कर दिया जाना चाहिए। इसके पहले कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में वादी और प्रतिवादी पक्ष के 36 लोगों को प्रवेश की अनुमति थी, लेकिन कोर्ट रूम में 34 लोगों की मौजूदगी रही। वादी पक्ष अदालत को यह बताने में सफल रहा कि मुकदमा सुनने योग्य है तो सुनवाई आगे बढ़ेगी। मुकदमे की सुनवाई के बाद निचली



अदालत का जो फैसला होगा उस पर दोनों पक्षों के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खुला है। इस बारे में वादी पक्ष के वकील सुधीर त्रिपाठी का कहना है कि यह मुकदमा अब तक इतना आगे बढ़ गया है कि पोषणीयता का मामला ही नहीं रह जाता है। मुकदमें को लेकर हमारा दावा पक्का है। इसे हम अदालत में भी साबित करेंगे। ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में सुनवाई से पहले न्यायालय पहुंचे वादी पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने पत्रकारों से कहा कि शिवलिंग मुस्लिम पक्ष के कब्जे में था। उन्होंने उसके साथ छेड़छाड़ की है। इस बाबत उन्होंने जिला जज की अदालत को भी सुनवाई के दौरान सूचित किया। उन्होंने कहा कि एडवोकेट कमिश्नर ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उसमें 63 इंच का छेद है जो इन्हीं लोगों ने किया है। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि हाल ही में ये लोग उसपर लगी छतरी को लेकर जा रहे थे, जिसे सीआरपीएफ ने रोक लिया था, जो इस समय इनके स्टोर रूम में रखा हुआ है यह वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी में साफ है।

**पूर्व महंत ने अन्न त्याग किया -** दाखिल मुकदमें में सुनवाई के पूर्व ही श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी ने अन्न का त्याग कर दिया है। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी में मिले शिवलिंग की पूजा का अधिकार जब तक उन्हें नहीं मिल जाता है, तब तक वह अन्न नहीं ग्रहण करेंगे। कुछ लोग सुनियोजित तरीके से अफवाह उड़ा रहे हैं ज्ञानवापी में मिले शिवलिंग पूजा के अधिकार के लिए उन्होंने जो याचिका दाखिल की थी, वह वापस ले ली है।

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जिला अदालत में हो रही सुनवाई -** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिविजन) की अदालत से जिला अदालत में मुकदमा स्थानांतरित हुआ है। राखी सिंह सहित पांच महिलाओं की याचिका पर सिविल जज (सीनियर डिविजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का दो बार सर्वे कराया था। मस्जिद परिसर में स्थित वजूखाने में शिवलिंग मिलने के दावे के बाद उस स्थान को सील करने के आदेश के बाद कोई और फैसला आ पाता इसके पहले ही प्रकरण की वैधता को लेकर प्रतिवादी पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। इसके बाद देश की शीर्ष अदालत ने यह मामला जिला जज की अदालत में स्थानांतरित कर दिया था।

हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार

सहयोगी संरक्षक
अनिल सेठी
नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक
कला सहयोगी-मोहित शुक्ला

सदस्य एवं रिपोर्टर

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरुग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
▪ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल )

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।

S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092
संपर्क – 011-35631400
Customer Care No.
83750 00628

ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

# सनी देओल का बेटा और पूनम ढिल्लों की बेटी साथ-साथ करेंगे डेब्यू

**-राजश्री प्रोडक्शंस के ट्विटर हैंडल ने की घोषणा**

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर सनी देओल का बेटा और दिग्गज अभिनेत्री पूनम ढिल्लों की बेटी साथ-साथ डेब्यू करने जा रहे हैं। इस घोषणा राजश्री प्रोडक्शंस के ट्विटर हैंडल ने की है। पूनम ढिल्लो की बेटी पालोमा ठकेरिया ढिल्लों और सनी देओल के बेटे राजवीर देओल के साथ बॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राजश्री प्रोडक्शंस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से यह भी साझा किया कि फिल्म का निर्देशन अवनीश बड़जात्या करेंगे। हैश-टैग-पालोमाठाकेरियाढिल्लों हैश-टैग-राजवीरदेओल हैश-टैग-अवनीश बड़जात्या हैश-टैग-सूरज बड़जात्या एट-पूनमढिल्लों हैश-टैग-अशोक ठाकरे हैश-टैग-अनमोल ठकेरिया ढिल्लों, प्रोडक्शन हाउस ने भी पलोमा



की दो तस्वीरें शेयर कीं। फिल्मों के बारे में विवरण गुप्त रखा गया है। राजश्री प्रोडक्शंस को 'हम आपके हैं कौन', 'हम साथ साथ है' और 'विवाह' जैसे पारिवारिक मनोरंजन के लिए जाना जाता है। "राजश्री प्रोडक्शंस को अवनीश बड़जात्या द्वारा अभिनीत राजश्री की अगली फिल्म में राजवीर देओल के साथ पालोमा की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। एक यादगार यात्रा शुरू होती है।"

# 29 मई को आमिर खान होस्ट करेंगे आईपीएल का फिनाले, 'लाल सिंह चड्ढा' का ट्रेलर भी होगा रिलीज

एक महीने से भी ज्यादा समय से देश में चल रही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का फिनाले 29 मई को होने जा रहा है। इसकी ग्रैंड क्लोजिंग सेरेमनी की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बीच खबर आई है कि इस ग्रैंड फिनाले को बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट होस्ट करने जा रहे हैं, साथ ही इस खास मौके पर वे अपनी अपकमिंग फिल्म लाल सिंह चड्ढा का ट्रेलर भी रिलीज करेंगे। इतिहास में पहली बार होगा, जब किसी फिल्म का ट्रेलर आईपीएल मैच के दौरान रिलीज किया जाएगा। आमिर खान ने अपनी फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' के ट्रेलर लॉन्च के लिए बेहद यूनीक और रोचक योजना बनाई है। जानकारी के मुताबिक, 29 मई को आईपीएल फिनाले के दौरान पहली पारी में 2.30 मिनट के दूसरे ट्रेलर को लान्च किया जाएगा। इसे लेकर उनके फैंस खासे उत्साहित हैं। वहीं आमिर खान आईपीएल के समापन की मेजबानी भी करेंगे। इस खबर को कन्फर्म करते हुए फिल्म के निमार्ताओं ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है। वीडियो में आमिर ने पहली पारी और दूसरे रणनीतिक समय के दौरान आईपीएल के समापन में लाल सिंह चड्ढा के ट्रेलर को जारी करने की घोषणा करते हुए दिखाई दे रहे हैं।



29 मई को स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी हॉटस्टार पर शाम 6 बजे से आमिर खान आईपीएल फिनाले को होस्ट करेंगे। उल्लेखनीय है कि आमिर खान और करीना कपूर खान की आगामी फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड की साल 1994 में रिलीज हुई हिट फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' पर आधारित है। फिल्म की कहानी फॉरेस्ट गम्प नामक किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिमागी तौर पर भले ही पूरी तरह विकसित नहीं है, लेकिन उसके जीवन में कई ऐसे मोड़ आते हैं, जहां वह खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित कर आगे बढ़ता चला जाता है। फिल्म का निर्माण आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस ने किया है, जबकि निर्देशक अद्वैत चंदन हैं। फिल्म 11 अगस्त, 2022 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# सादिया के कृत्य ने मुझे झकझोर दिया: मौनी रॉय

**- रियलिटी शो के दौरान किया बड़ा खुलासा**

**मुंबई (ईएमएस)।** "सादिया के कृत्य ने सचमुच मुझे झकझोर दिया। वास्तव में, मेरे हाथों पर अभी भी रोंगटे खड़े हैं। यह कहना है छोटे परदे की फेमस अभिनेत्री 'मौनी रॉय' का। मौनी रॉय ने कहा- बहुत से लोग नहीं जानते हैं, लेकिन मैं बचपन से ही जोकरों से बहुत डरती रही हूं। मैं एक छोटे शहर से हूं, और जब भी मैं सर्कस जाया करता था, रंगे हुए चेहरे वाले लोग मुझे हर बार डराते थे।" सादिया के अभिनय के बारे में बात करते हुए, 'डीआईडी लिटिल मास्टर' जज ने उल्लेख किया, "उनके प्रदर्शन की शुरूआत में, रोशनी बंद थी, और तब तक किसी ने सादिया को नहीं देखा था। हालांकि, जैसे ही रोशनी चालू हुई, उसका खतरनाक चेहरा जोकर के रूप में चित्रित किया गया था, और उसकी मुस्कान ने मुझे झकझोर कर



रख दिया था। मुझे लगता है कि इस नृत्य ने साबित कर दिया कि वह एक सच्ची कलाकार है, और एक जोकर का उसका चित्रण वास्तव में प्रशंसा के योग्य था।"जो कि अभी रियलिटी शो डांस 'इंडिया डांस जज' कर रही हैं, इसी शो के दौरान अभिनेत्री ने अपने बचपन को लेकर बड़ा खुलासा किया है। शो के दौरान जब एक 11 साल की प्रतिभागी सदिया ने गाना मैं कोई ऐसी गीत गाऊं पर परफॉर्म किया। इसमें सदिया ने बुरे और अच्छे पक्ष को दिखाया था। इस बेहतरीन परफॉर्म को देखने के बाद अभिनेत्री ने अपने बचपन के बुरे सपने को याद करके साझा किया।

# टॉम क्रूज स्टारर मिशन इंपॉसिबल का ट्रेलर हुआ रिलीज



हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की मोस्ट अवेटेड फिल्म मिशन इंपॉसिबल 7 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म 14 जुलाई 2023 को USA में रिलीज होगी। हालांकि अभी तक इसकी इंडिया की रिलीज डेट मेकर्स ने अनाउंस नहीं की है। इस एक्शन-स्पाई फिल्म को क्रिस्टोफर मैक्वारी ने लिखा और डायरेक्ट किया है। मिशन इंपॉसिबल 7 करीब 2 हजार 248 करोड़ रुपए के बजट में बनी है। फिल्म में टॉम के अलावा विंग रहमेस, सिमोन पेग, रेबेका फर्ग्युसन लीड रोल में नजर आएंगी।

# माही श्रीवास्तव का गीत 'नजरवा...' यूट्यूब पर मचा रहा धमाल

**मुंबई, (हि.स.)।** भोजपुरी एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव और सिंगर शिल्पी देहाती दोनों ही अपने हर वीडियो सॉन्ग से फैंस का दिल जीत रही हैं। ऐसे में अब उनका नया गाना नजरवा यूट्यूब पर धमाल मचा रहा है। भोजपुरी गाना ह्यनजरवा' के वीडियो को वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से जारी किया गया है। शिल्पी देहाती के इस गाने के वीडियो में भोजपुरी की सुपरहॉट और बोल्ड अभिनेत्री माही श्रीवास्तव नजर आ रही हैं। ऐसे में शिल्पी देहाती की आवाज और माही की अदाएं भोजपुरिया दर्शकों को अपना दीवाना बना रही हैं। अपने गीत 'करके कजरवा भेजी सइयां के बाजारवा हो नजरवा केहुके न लगे हो राम' में माही अपने पति को बुरी नजर से बचने के लिए काजल




लगाकर बाजार भेजती हैं। नजरवा' को शिल्पी ने बेहद ही खास अंदाज में गाया है, जो दर्शकों को बहुत आ रहा है। गाने के शब्दों का भाव शिल्पी देहाती ने अपनी आवाज से बखूबी भर दिया है। वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स प्रस्तुत सिंगर शिल्पी देहाती और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव के इस भोजपुरी गाने नजरवा को मुकेश मिश्रा ने लिखा है। इस गाने को संगीत आर्या शर्मा ने दिया है। इसके वीडियो के निमार्ता रत्नाकर कुमार हैं। वहीं, इसका निर्देशन गोल्डी जैसवाल ने किया है। सांग का प्रचार डब्ल्यूडब्ल्यूआर टीम कर रही है। इस गाने के वीडियो को गोल्डी जयसवाल, बॉबी जैक्सन ने कोरियोग्राफ किया है। मिक्स मास्टर जीतू और एडिट मीत ने किया है।

# 'बिग बॉस नॉन स्टॉप' जीतने वाली प्रथम महिला बनी बिंधु माधवी

**हैदराबाद (ईएमएस)।** 'बिंधु माधवी' तेलुगु रियलिटी शो बिग बॉस के ओटीटी संस्करण को जीतने वाली पहली महिला बनी। इस सीजन का खिताब बिंधु माधवी ने अपने नाम कर लिया है।फाइनल के पहले दौर में बाबा भास्कर और अनिल राठौड़ के बाहर होने के बाद शीर्ष पांच प्रतियोगी बचे थे। शो में सात फाइनलिस्ट थे, साथ ही होस्ट सुपरस्टार नागार्जुन भी थे। मित्रव शर्मा पांचवें स्थान पर रही, जबकि एरियाना चौथे स्थान पर रही। एरियाना ने दस लाख रुपये का सूट-केस लिया क्योंकि वह जानती थी कि उसके खिताब जीतने की संभावना कम है। दूसरी ओर, शिव तीसरे सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार थे, और नागार्जुन ने उन्हें एक और दिलचस्प प्रस्ताव



दिया।अखिल सार्थक के साथ, जो बिग बॉस तेलुगु 4 में उपविजेता रहे। 'बिग बॉस नॉन-स्टॉप' का ग्रैंड फिनाले डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर शाम 6 बजे से शुरू होगा। नागार्जुन के अनुसार शिवा को 'बिग बॉस तेलुगु' के आगामी सीजन में 'बिग बॉस तेलुगु 6' डब किया जा सकता है। बिंदू माधवी रियलिटी शो ओटीटी सीरीज के पहले सीजन की विजेता हैं।

# प्रियंका चोपड़ा ने अपनी मैनेजर का बर्थडे किया सेलिब्रेट



प्रियंका चोपड़ा इंडियन ट्रेडिशन को सेलिब्रेट करने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में लॉस एंजलिस वाले घर में अपनी मैनेजर अंजुला आचार्य के लिए बर्थडे पार्टी होस्ट की थी। प्रियंका ने पार्टी को इंडियन टच देते हुए ढोल भी बुलवाया था। पार्टी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें प्रियंका ढोल पर भांगड़ा करते हुए नजर आ रही हैं। पार्टी के कई फोटोज भी वायरल हो रहे हैं। जिनमें एक्ट्रेस अपने गर्ल गैंग के साथ नजर आ रही हैं। वीडियो में प्रियंका के साथ निक भी डिनर पर नजर आए। बता दें, प्रियंका फिलहाल अपनी अपकमिंग फिल्म सिटाडेल की शूटिंग कर रही हैं।

# कपिल शर्मा ने किया अक्षय कुमार को ट्रोल

अक्षय कुमार अपकमिंग फिल्म 'पृथ्वीराज' में पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर के साथ नजर आएंगे। एक्टर हाल ही में अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए कपिल शर्मा के शो पर पहुंचे। जहां कपिल एक्टर को उनकी को-स्टार्स के लिए ट्रोल करते नजर आए। कपिल के शो के अपकमिंग एपिसोड का प्रोमो शेयर किया गया। जिसमें कपिल अक्षय कुमार के फिल्मों में हीरोइन के साथ रोमांस करने पर मजाक कर रहे हैं। कपिल ने कहा कि जब वो स्कूल में थे, तब अक्षय, माधुरी दीक्षित और आयशा जुल्का के साथ स्क्रीन पर रोमांस कर रहे थे।

उन्होंने आगे कहा कि जब वो कॉलेज में आए तब अक्षय बिपाशा बसु और कैटरीना कैफ के साथ पर्दे पर रोमांस कर रहे थे।

कपिल ने आगे अक्षय की हालिया रिलीज फिल्मों में उन्हें स्क्रीन पर कृति सेनन, कियारा आडवाणी और मानुषी के साथ रोमांस करते हुए देख कहा, "हम तो सिर्फ इनकी हीरोइनों के इंटरव्यू लेने के लिए पैदा हुए हैं।"

# 'भावदेयुडु भगत सिंह' की शुरूआत की चल रही तैयारी

**- फिल्म में नजर आएंगे साउथ एक्टर पवन कल्याण**

**हैदराबाद (ईएमएस)।** तेलुगू फिल्मों के डायरेक्टर हरीश शंकर अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'भावदेयुडु भगत सिंह' की शुरूआत करने के लिए तैयार हैं। उनकी फिल्म में अभिनेता पवन कल्याण नजर आएंगे। हाल ही में डायरेक्टर हरीश शंकर ने अपनी अगली फिल्म में पवन कल्याण की भूमिका के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी। इससे सामने आया है कि इस फिल्म में, "पवन कल्याण पहली बार लेक्च रर की भूमिका निभा रहे हैं।" डायरेक्टर हरीश शंकर कहा, "यह बेहद सफल व्यावसायिक मनोरंजक फिल्म होगी। फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू होगी और इसकी शूटिंग हैदराबाद में होगी।" 'गब्बर सिंह' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म के बाद, हरीश शंकर के साथ पवन कल्याण का यह दूसरा प्रोजेक्ट होगा। फिल्म का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स ने किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'पवन कल्याण' आंध्र प्रदेश चुनाव से पहले अपनी आने वाली सभी फिल्मों को खत्म करने की जल्दी में हैं, क्योंकि वह अपने राजनीतिक करियर पर ध्यान देना चाहते हैं।हरीश शंकर ने आगे कहा है, "एक सीक्वेंस की शूटिंग ऊटी, एक हिल स्टेशन में की जाएगी। यह मौसम पर भी निर्भर करता है।"



# डिजिटल स्पेस की ओर जाना चाहती हैं 'कावेरी प्रियम'

**-वेब स्पेस में तलाशने के लिए है बहुत कुछ**

**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेत्री 'कावेरी प्रियम' अब डिजिटल स्पेस की ओर जाना चाहती हैं। कावेरी कहती हैं, "बेशक मैं वेब स्पेस में काम करना चाहती हूं क्योंकि मुझे आकर्षित करती हैं।" "मुझे पता है कि उस माध्यम का कच्चा कारक बहुत सारे अभिनेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की अनुमति देता है। वेब स्पेस में तलाशने के लिए बहुत कुछ है, यहां तक कि फिल्में अब केवल बड़े पर्दे तक ही सीमित नहीं हैं।" वह आगे कहती हैं, "मैं हर तरह की भूमिकाएं, सभी शैलियों और सभी रंगों को निभाना चाहती हूं। मैं कुछ खास नहीं करना चाहती हूं, मैं एक अभिनेता के रूप में सब कुछ करने की कोशिश करना



चाहती हूं। मैं खुद को किसी विशेष चीज तक सीमित नहीं रखना चाहती।" बता दें कि टेलीविजन सीरियल 'शक्ति अस्तित्व के एहसास की' की अभिनेत्री 'कावेरी प्रियम', जिन्होंने विभिन्न टीवी शो में कई भूमिकाएं निभा के फैंस के दिलों में एक अलग जगह बनाई है।

## सूडोकु नवताल- 6083

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6082 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 6830

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | हु | मे | रि | दु | च | मे | ली | च | ट | र्जी |
| मो | खु | क | च | इं | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| ग | पी | जा | म्पा | र | ग | बा | द | ह | प | ल |
| रा | ग | ए | रा | ह | जा | रा | ल | ह | गु | प्रे |
| गु | ल | मो | ह | र | ह | ला | कि | यो | ला | प |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | वा | शी | ह | ब | न |
| न | र | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | क्ति |
| क | रि | ज | र | य | र | क | म | ल | वि | रे |
| र | या | बा | नी | ह | न | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | गं | व | शि | के | त | की | ल |
| बां | स | प | ज | न | धा | घ | गु | ड़ | ह | ल |

शब्दजाल में दस फूलों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

कमल,गुलाब,मोगरा,चमेली,चम्पा,हजारा, रजनीगंधा,केतकी,गुड़हल,गुलमोहर

**शब्दजाल - 6829 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | रा | जें | द्र | कु | मा | मो. | वा | ज | के. | यी |
| द | कि | ल | प्रे | व | जी | र | द | ह | ए | रा |
| वि | स | शो | म | त | ह | फी | म | ल | ल. | म |
| मि | स | स | र | दि | ल | ज | ध | क | स | दु |
| म | आ | चि | ग | कु | ज | त | तू | प | ह | प |
| हें | ल | न | र | दि | मा | उ | म | व | ग | मु |
| द्र | व | दे | फ्यू | जी | प | र | ज | ह | ल | के |
| क | एं | व | ई | द | ब | ई | डू | ए | मू | श |
| पू | ड | ब | फू | आ | शा | भो | स | ले | शी | द |
| र | गॉ | र्म | प | ल | ता | मं | गे | श | क | र |
| वि | ज | न | म | न्ना | डे | डि | त | ब | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5783

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | 7 | | 4 |
| | 34 | 6 | 33 | 1 | 33 | |
| | 5 | | | 6 | | 2 |
| 1 | 26 | 2 | 29 | 4 | 33 | |
| 4 | | | 6 | | 7 | 3 |
| | 30 | 4 | 37 | | 33 | 6 |
| 2 | | | 5 | 3 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5782 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 33 | 1 | 34 | 6 | 30 | 5 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 4 | 42 | 2 | 25 | 1 | 22 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 36 | 6 | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000628, For News & Advertisement- 8588881461, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in